दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 278/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, रविवार 18 मई 2025 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in







राष्ट्रपति मुर्मू व प्रधानमंत्री मोदी ने उपराष्ट्रपति धनखड़ को जन्मदिन की बधाई दीं

अहमदाबाद सहकारिता महासम्मेलन में शामिल हुए गृह मंत्री

## डेयरी उद्योग को सभी उपकरण देंगे, सहकारी यूनिवर्सिटी के बारे में भी सोच रही सरकार: शाह



**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को अहमदाबाद की साइंस सिटी में गुजरात स्टेट सहकारी संघ कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने सहकारी समितियों को अध्यक्षों और किसानों से बातचीत की। शाह ने कहा कि वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इसकी शुरुआत भारत से हुई है। दिल्ली में भी एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जहां प्रधानमंत्री ने सहयोग से समृद्धि का नारा दिया। गुजरात में सहकारी सम्मेलन आयोजित किया गया है। हमें सहयोग में परिवर्तन को नीचे तक ले जाना होगा। सहकारी समितियों के विकास के लिए केंद्र सरकार सहकारी यूनिवर्सिटी खोलने पर भी विचार कर रही है। बता दें अमित शाह शनिवार से दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। दौरे के दूसरे दिन गुजरात स्टेट सहकारी संघ कार्यक्रम में पहुंचे। गृहमंत्री ने कहा कि यदि सहकारी समितियों को बढ़ावा देना है तो जागरूकता पैदा करनी होगी। इसमें सहकारी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर देना होगा। मैं सभी सहकारी नेताओं से कहना चाहूंगा कि वे आखिरी स्तर तक के साथियों का सहयोग करें। प्रत्येक सदस्य, समिति एवं संगठन का जिला सहकारी बैंक में बैंक खाता होना चाहिए। गुजरात को सहकारी विश्वविद्यालयों के लिए अग्रणी बनने की आवश्यकता है। भाजपा सरकार सहकारी संगठनों के जरिए डेयरी के लिए आवश्यक सभी उपकरण उपलब्ध कराएगी।



### हम न्यूक्लियर बम से नहीं डरते, पाकिस्तान में 100 किमी अंदर घुसकर मारा

इसके पहले गुजरात के गांधीनगर में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर हमला किया और आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया। जो लोग हमें धमकाते थे कि उनके पास परमाणु बम हैं, उन्हें लगता था कि हम डर जाएंगे। लेकिन, हमारी सेना, नौसेना और वायु सेना ने उन्हें ऐसा करारा जवाब दिया है कि पूरी दुनिया हमारी सेना के धैर्य और पीएम मोदी के दृढ़ नेतृत्व की प्रशंसा कर रही है. मैं हमारे सशस्त्र बलों की वीरता को सलाम करता हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, जब पाकिस्तान ने पूरी पश्चिमी सीमा पर हमला करने का दुस्साहस किया, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारी वायु रक्षा प्रणाली इतनी उत्तम हो गई है कि कोई भी मिसाइल या ड्रोन भारत की भूमि तक नहीं पहुंच पाया। 100 से अधिक दुर्दांत आतंकवादियों को मारने के बाद भी पाकिस्तान सोच में ही था, और हमने उनके 15 हवाई ठिकानों पर हमला किया, लेकिन हमने उनके लोगों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया हमने उनकी हवाई हमले की क्षमता को नष्ट कर दिया।




## भोपाल के समरधा में बनेगा भोज-नर्मदा द्वार

### मुख्यमत्री डॉ. मोहन यादव किया भूमिपूजन, सौर ऊर्जा प्लांट का लोकार्पण भी

**भोपाल।** भोपाल के होशंगाबाद रोड स्थित समरधा में भोज-नर्मदा द्वार बनेगा। इसके लिए रविवार सुबह सीएम डॉ. मोहन यादव भूमिपूजन किया। उन्होंने नगर निगम, भोपाल द्वारा सौर ऊर्जा परियोजना के प्रथम चरण में नीमच में स्थापित 10 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का भी लोकार्पण किया।

बता दें कि नगर निगम भोपाल के दो मुख्य स्थानों पर द्वार बनवा रहा है। इसके लिए निगम परिषद की बैठक में प्रस्ताव भी पास हो चुका है। पहला गेट होशंगाबाद रोड और दूसरा इंदौर-भोपाल रोड पर प्रस्तावित है। एक द्वार के लिए आज भूमिपूजन हुआ, जबकि दूसरे द्वार के लिए जल्द ही प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इंदौर-भोपाल रोड पर विक्रमादित्य द्वार बनाया जाएगा।



### अन्य प्रवेश मार्गों पर भी बनेंगे द्वार

नगर निगम ने फिलहाल दो प्रमुख मार्गों पर भव्य द्वार बनाने की कार्ययोजना तैयार की है। ऐसी ही प्लानिंग अन्य मुख्य सड़कों यानी बैरसिया रोड, रायसेन रोड, कोलार रोड, विदिशा रोड, मुबारकपुर समेत अन्य के लिए भी बनाई जा रही है।

### सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण

नगर निगम द्वारा सौर ऊर्जा परियोजना के प्रथम चरण में नीमच में स्थापित 10 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का भी मुख्यमंत्री ने लोकार्पण किया। इस दौरान मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर, निगम अध्यक्ष, एमआईसी मेंबर और पार्षद मौजूद रहे।



### प्रदेश की पहचान वीर शासकों से हो रही-सीएम

भूमिपूजन से पहले सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की पहचान हमारे वीर शासकों से रही है। मध्यप्रदेश का गौरव रहे सम्राट विक्रमादित्य को आज भी न्यायप्रियता, पराक्रम और लोक कल्याण के लिये जाना जाता है। वहीं राजा भोज को महान शिक्षक और योद्धा के रूप में याद किया जाता है। ऐसे में हमारी सरकार ने तय किया है कि हमारे गौरवशाली अतीत को दुनिया के सामने लाने की आवश्यकता है। इसलिए राजधानी भोपाल के प्रमुख मार्गों पर राजा भोज, विक्रमादित्य जैसे महापुरूषों के नाम से द्वार बनाए जाएंगे। जिससे भोपाल और मध्यप्रदेश का गौरवशाली इतिहास हमें पुन-उसी दौर में ले जाए। वहीं, इससे राजधानी भोपाल को नया स्वरूप भी मिलेगा।

सांध्य प्रकाश विशेष

### झूठे केस दायर कर कोर्ट प्रक्रिया का दुरुपयोग करने पर वकील को साढ़े 10 साल की सजा

**लखनऊ।** अदालत के विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने ऐतिहासिक फैसला दिया। उन्होंने एससी/एसटी एक्ट में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने वाले अधिवक्ता लाखन सिंह को सजा सुनाई। अधिवक्ता को झूठी एफआईआर दर्ज कर कोर्ट की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने पर 10 वर्ष 6 महीने की कैद और 2.51 लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई। अधिवक्ता ने झूठा मुकदमा दर्ज करा के कोर्ट का समय खराब किया। इससे नाराज होकर जज ने कहा कि आपने अधिवक्ता जैसे जिम्मेदार पेशे को कलंकित किया है। उन्होंने कहा कि आपने तो झूठे मुकदमों की फैक्ट्री बना रखी। जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने अपने फैसले में कहा कि लाखन सिंह जैसे अधिवक्ता जैसे जिम्मेदार पेशे को कलंकित करते हुए न्याय प्रणाली की विश्वसनीयता को चोट पहुंचा रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि अधिवक्ता लाखन सिंह की ओर से कोर्ट में दो जिल्द पेपर लेकर आए दिन काल्पनिक कहानियां बताते हुए केस फाइल किया जाता था। कोर्ट ने कहा कि लाखन सिंह जैसे वकील यदि हमारे कानून का दुरुपयोग करते हैं तो पूरे अधिवक्ता समाज की छवि धूमिल होती है। लाखन सिंह ने एससी/एसटी एक्ट के नाम पर 20 झूठे केस दर्ज कराकर कई लोगों को वर्षों तक कानूनी परेशानियों में घसीटा। कोर्ट ने यह निर्णय बार काउंसिल ऑफ यूपी, लखनऊ के जिला अधिकारी और पुलिस कमिश्नर को भी भेजने के निर्देश दिए। जिससे दोषी वकील को बार से निलंबित किया जा सके और यदि उसे किसी झूठे केस के आधार पर सरकारी राहत राशि दी गई हो तो वह वसूली जाए। बताया जाता है कि अधिवक्ता लाखन सिंह के खिलाफ पूर्व से ही धोखाधड़ी, रेप के साथ साथ आपराधिक साजिश जैसे कई मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं।





## मप्र में पहली बार वर्चुअल म्यूजियम का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

- कहा-उज्जैन देश का केंद्र, यहां के सिक्के विदेश तक मशहूर

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर रविवार को भोपाल के स्टेट म्यूजियम में %संग्रहालय मेला% आयोजित किया जा रहा है। मेले का औपचारिक शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। उन्होंने मेले का भ्रमण किया और विभिन्न वस्तुओं को देखा। डॉ. यादव ने कहा कि पुरातत्व के मुताबिक उज्जैन देश का केंद्र है। उज्जैन के कई सिक्के विदेश तक में मशहूर हैं। सिक्कों पर राजा का चिह्न बदलता रहा, पर महाकाल के मंदिर का चिन्ह हमेशा रहा।



संग्रहालय घूमने के शौकीन लोगों को मप्र में पहली बार वर्चुअल म्यूजियम का अनुभव मिलेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश के पहले इमर्सिव हेरिटेज म्यूजियम का शुभारंभ किया। म्यूजियम में ओरछा को 360 डिग्री पर वर्चुअल देखा जा सकता है। इसके अलावा मॉन्यूमेंट ऑफ ओरछा समेत पुरातत्व विभाग से जुड़ी 11 पुस्तकों का विमोचन किया। मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के समाचार पत्र के दूसरे संस्करण और वाकणकर शुभंकर का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रयास किया है कि 12 कुंभ के हिसाब से 12 राशियों को एक साथ लाया जाए। सरकार लगातार देश के पुरातत्व इतिहास को संजोए रखने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में बताया गया कि मध्य प्रदेश में एक चौथाई यूनेस्को साइड हैं। प्रदेशभर में 24 म्यूजियम हैं, जिसमें से सात राज्य स्तरीय हैं। इसके अलावा सांस्कृतिक विभाग के अलग म्यूजियम हैं। वहीं बुरहानपुर में नया म्यूजियम खोला जा रहा है। इसके साथ ही दमोह में भी रानी दुर्गावती से जुड़ा म्यूजियम बनाया जाएगा।

### भारत-पाक संघर्षविराम पर आया सेना बोली सीजफायर अनिश्चितकाल तक जारी, अफवाहों पर न दें ध्यान

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान युद्धविराम समझौते को लेकर खबरों पर भारतीय सेना ने खुलासा किया है। भारतीय सेना ने साफ किया है कि आज यानी 18 मई को डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस (डीजीएमओ) स्तर की कोई वार्ता निर्धारित नहीं है। सेना की ओर से कहा गया है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट में यह खबरें चल रही हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम (सीजफायर) आज समाप्त हो रहा है। इस खबर के बाद से कई लोगों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। भारतीय सेना ने इन अटकलों पर स्पष्ट बयान जारी किया और कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के खत्म होने की खबरें पूरी तरह गलत हैं। सेना के अनुसार, कुछ मीडिया संस्थानों द्वारा यह भी दावा किया जा रहा है कि आज डीजीएमओ स्तर की बातचीत होनी है। इस पर सेना ने कहा कि आज डीजीएमओ स्तर की कोई बातचीत निर्धारित नहीं है। सेना ने यह भी स्पष्ट किया कि 12 मई को भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच हुई बातचीत में संघर्षविराम को लेकर जो सहमति बनी थी।




## सप्रे संग्रहालय की 27 लाख पन्नों की डिजिटल लाइब्रेरी का लोकार्पण

**भोपाल।** आज अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान की डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ 11.30 किया गया। यह परियोजना भारतीय स्टेट बैंक की सामाजिक सेवा बैंकिंग योजना के तहत पूरी हुई है। सामरोह के मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने की। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी विशिष्ट अतिथि थीं। सप्रे संग्रहालय के संस्थापक पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर ने बताया कि स्टेट बैंक की मदद से 27 लाख पन्नों की डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया जा रहा है। इस लाइब्रेरी में दुर्लभ दस्तावेज सुरक्षित रहेंगे और शोधार्थियों को अध्ययन में आसानी होगी। उन्होंने बताया कि संग्रहालय की नई वेबसाइट भी लॉन्च कर दी गई है।



## हैदराबाद में चारमीनार के पास भीषण आग, 17 लोग जिंदा जले, कई घायल

**हैदराबाद।** हैदराबाद के ऐतिहासिक चारमीनार के पास स्थित गुलजार हौज इलाके में शनिवार सुबह एक भीषण आग ने तबाही मचा दी। एक रिहायशी और व्यावसायिक उपयोग वाली इमारत में आग लगने से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 से अधिक लोग घायल हुए हैं। यह हादसा हाल के वर्षों में हैदराबाद की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक माना जा रहा है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, आग सुबह करीब 5:30 बजे उस वक्त लगी जब अधिकतर निवासी गहरी नींद में थे। आग इमारत के नीचे स्थित व्यावसायिक हिस्से में मौजूद मोती की दुकान से शुरू हुई और तेजी से पूरे भवन में धुआं फैल गया। धुएं के चलते दम घुटने से कई लोगों की मौत हो गई।

**राहत और बचाव कार्य-** फायर डिपार्टमेंट को जैसे ही घटना की सूचना मिली, 11 दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं। इनमें लंगर हौज, मोगलपुरा, गौलगुड़ा, राजेन्द्र नगर, गांधी आउटपोस्ट और सालारजंग म्यूजियम स्टेशनों से भेजी गई गाड़ियां शामिल थीं। इसके अलावा, 2 रेस्क्यू टेंडर, एक ब्रोंटो स्काईलिफ्ट, 3 वॉटर टेंडर और एक फायर फाइटिंग रोबोट की भी मदद ली गई। घायलों को DRDO अस्पताल, उस्मानिया जनरल अस्पताल और एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### प्रधानमंत्री ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ितों के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, ÷हैदराबाद, तेलंगाना में आग की त्रासदी से जानमाल के नुकसान से गहरा दुख हुआ है। जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।

## शराब घोटाले में15 ठिकानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू का छापा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले केस में एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीमों ने सुकमा, जगदलपुर, दंतेवाड़ा, अंबिकापुर और रायपुर में एक साथ छापेमारी की। 5 जिलों के करीब 15 से ज्यादा ठिकानों पर कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि जिन जगहों पर रेड की गई है, वे सभी ठिकाने पूर्व मंत्री कवासी लखमा से जुड़े लोगों के हैं। रायपुर के देवेंद्र नगर के शहीद हेमू कलाणी वार्ड स्थित जी नागेश्वर राव और जी श्रीनिवास राव के घर भी छापा पड़ा। जी नागेश्वर कंस्ट्रक्शन का काम करते हैं। छापेमारी के दौरान टीम कई दस्तावेज और डिजिटल सबूत अपने साथ ले गई है।

## सुप्रीम कोर्ट से मप्र ई-टेंडरिंग प्रकरण में ईडी का केस खारिज, पूर्व मुख्य सचिव रेड्डी को राहत

**नई दिल्ली/भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के ई-टेंडरिंग मामले में तेलंगाना हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की स्पेशल लीव पिटीशन खारिज कर दी है। तेलंगाना हाईकोर्ट ने 8 सितंबर 2023 के अपने फैसले में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव गोपाल रेड्डी और मंटेना ग्रुप के एमएस राजू के खिलाफ ईडी के प्रकरण को रद्द कर दिया था। तेलंगाना हाईकोर्ट ने ही अगस्त 2023 में ई-टेंडरिंग मामले में संबंधित कंपनी के एमडी के खिलाफ ईडी के प्रकरण को भी खारिज कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका (स्पेशल लीव पिटीशन) पर 13 मई 2025 को सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि उन्हें कोई कारण नजर नहीं आता कि तेलंगाना हाईकोर्ट के निर्णय (सीआरएलपी क्र. 845/2021) में हस्तक्षेप करने की कोई आवश्यकता है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल ने आदेश में कहा कि स्पेशल लीव पिटीशन को निरस्त किया जाता है, अगर कोई आवेदन इस बारे में लंबित भी हो तो उसे भी खत्म किया जाता है।



### तेलंगाना हाईकोर्ट ने रेड्डी के खिलाफ ईडी के प्रकरण को भी खारिज कर दिया था

उल्लेखनीय है कि अगस्त 2023 में तेलंगाना हाईकोर्ट ने कंपनी के खिलाफ ईडी के प्रकरण को खारिज कर दिया था और सितंबर 2023 में गोपाल रेड्डी के खिलाफ ईडी के प्रकरण को भी खारिज कर दिया था। कोर्ट ने प्रकरण में अपने अगस्त 2023 के अपने फैसले में कहा था कि जो भी टैंपरिंग के आरोप थे, उन्हें साबित नहीं किया जा सका। कंपनी ने मध्य प्रदेश के सिंचाई विभाग के टेंडरों में 1030 करोड़ के लिए बोली लगाई थी। उस समय उन पर ई-टेंडरिंग में गड़बड़ियों के आरोप लगाए गए थे। पहले ईओडब्ल्यू ने एफआईआर की थी और बाद में ईडी ने प्रकरण दर्ज किया था। अगस्त 2023 के फैसले में तेलंगाना हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि केवल संदेहों को कारण नहीं बनाया जा सकता, कुछ सबूत भी होने चाहिए। निर्णय में साफ लिखा गया था कि ईडी ने यह प्रकरण ईओडब्ल्यू की एफआईआर के आधार पर दर्ज किया था। लेकिन, ईओडब्ल्यू ने जिन लोगों को टैंपरिंग का आरोपी बनाया था, उन्हें ट्रायल कोर्ट ने ही सबूत नहीं होने के कारण बरी कर दिया था।

## आध्यात्मिकता - आत्म-जागरूकता और परोपकार का पथ



आध्यात्मिकता का अर्थ है अपने भीतर की सच्चाई को पहचानना, उस अनंत शक्ति को समझना जो हमें जीवंत बनाती है। यह न तो ज़िम्मेदारियों से मुंह मोड़ना है, न ही सांसारिक सुखों का त्याग करना। बल्कि, यह है अपनी वर्तमान स्थिति, अपने जीवन के हर पहलू के लिए स्वयं को ज़िम्मेदार मानना। आध्यात्मिकता का असली मोल है आत्म-जागरूकता—खुद को गहराई से जानना, समझना और हर परिस्थिति में सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ना।

जब हम आध्यात्मिक पथ पर चलते हैं, तो हमारा मन शांत और सकारात्मक होता है। यह सकारात्मकता न केवल हमारे दिमाग को स्वस्थ रखती है, बल्कि हमारे जीवन को भी संतुलित और सुखमय बनाती है। आध्यात्मिकता हमें सिखाती है कि हर हाल में खुश रहना और अपने विचारों को सकारात्मक दिशा देना ही सच्चा सुख है।

आध्यात्मिक जागृति के साथ ही हमारी संवेदनशीलता बढ़ती है। हम दूसरों के दुख को न केवल देख पाते हैं, बल्कि उसे महसूस भी करते हैं। यहीं से जन्म लेती है परोपकार की भावना—वह पवित्र प्रेरणा जो हमें असहाय, दीन-दुखियों की सेवा के लिए प्रेरित करती है। यह भावना हमें न केवल एक बेहतर इंसान बनाती है, बल्कि हमें ईश्वरीय गुणों के करीब लाकर, मानवता की सच्ची कतार में खड़ा करती है। आध्यात्मिकता, इस प्रकार, जीवन को एक नई दृष्टि देती है—जहाँ आत्म-ज्ञान, सकारात्मकता और परोपकार मिलकर हमें पूर्णता की ओर ले जाते हैं।



भोपाल। चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा ब्लड डोनेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष तेजिंदर सिंह पाली ने बताया कि इस दौरान भारी संख्या में लोग ब्लड डोनेशन करने शामिल हुए।




भोपाल। रोशनपुरा चौराहे पर ओबीसी महासभा ने आरक्षण को लेकर का धरना प्रदर्शन किया।

### बैरसिया में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# वीर सैनिकों के सम्मान में उमड़ा जनसैलाब, देशभक्ति के नारों से गूंजा बैरसिया

सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्तमान युग में एक नई शक्ति के रूप में उभर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर से थल, वायु और नौसेना ने अद्वितीय साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारतीय सेना ने मात्र 4 दिन के अल्प समय में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। इस अभियान ने दुनिया को भारत की सैन्य क्षमता, एकजुटता और आधुनिक तकनीकी सामर्थ्य का परिचय दिया है।



आतंकवाद के मंसूबों को ध्वस्त किया गया है। आज कोई भी शक्ति भारत की प्रगति को रोक नहीं सकती। हम सभी इस तिरंगा यात्रा से भारतीय सेना को सम्मान देने के लिए एकत्र हुए हैं। यह तिरंगा यात्रा ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक निरंतर आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को भोपाल जिले के बैरसिया में वीर सैनिकों के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे शूरवीरों ने पाकिस्तान को आधी रात में ऐसा सबक सिखाया कि पाकिस्तान के साथ दुनिया के 200 देश में से सिर्फ दो देश साथ आए- एक तुर्किए और दूसरा अजरबैजान। अब देश की जनता तुर्किए का बहिष्कार कर रही है और भविष्य में अजरबैजान के साथ भी ऐसा ही होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तिरंगा यात्रा मार्ग में उपस्थित जनसमूह का अभिवादन किया। पूरा बैरसिया देशभक्ति की भावना से सराबोर हो उठा। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। इस यात्रा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। हर धर्म, जाति और वर्ग के लोगों ने देश के प्रति अपनी निष्ठा और वीर जवानों के प्रति सम्मान प्रकट किया।

विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकियों का खात्मा किया है। आज की यह विशाल तिरंगा यात्रा हमारे वीर सैनिकों के सम्मान में आयोजित की गई है। परमाणु शक्ति का डर दिखाने वाला पाकिस्तान 4 दिन में घुटनों पर आ गया। यह भारतीय सेना के पराक्रम और नेतृत्व का कमाल है। सभा में अन्य वक्ताओं ने कहा कि देश और प्रदेश में आज मजबूत सरकारें हैं। जनता के कल्याण के सभी कदम उठाए गए हैं। इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रामकुंवर नवरंग गुर्जर, जनपद अध्यक्ष लता गुर्जर,नगर पालिका अध्यक्ष तनुश्री राठौड़, तीरथ सिंह मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी साथ थे।

# मंत्री सारंग करोंद में कल सेवा सदन दृष्टि जांच केन्द्र का करेंगे शुभारंभ



**पहले दिन निर्धन नेत्र रोगियों की नि:शुल्क जांच और आवश्यकतानुसार आपरेशन**

**संत हिरदाराम नगर।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग करोंद में सोमवार 19 मई को सेवा सदन दृष्टि जांच केन्द्र का शुभारंभ करेंगे। इसका संचालन संत हिरदाराम नगर, भोपाल स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा किया जायेगा। विज़न सेंटर खुलने के पहले दिन निर्धन नेत्र रोगियों की नि:शुल्क जांच और आवश्यकतानुसार उनके नि:शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन किये जायेंगे। यह विजन सेंटर करोंद चौराहा, हनुमान मंदिर के सामने, शर्मा काम्पलेक्स में खोला जा रहा है। करोंद क्षेत्र के रहवासियों और निर्धन रोगियों को नजदीक में ही दृष्टि जांच सुविधा उपलब्ध कराने के लिए यह केंद्र खोला जा रहा है। अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित केंद्र पर अनुभवी आप्टोमेट्रिस्ट की तैनाती की गई है। यह जांच केंद्र प्रतिदिन रविवार छोड़कर प्रात: 9 से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 2 से षाम 6 बजे तक खोला जाएगा। दृष्टि जांच केन्द्र में अत्याधुनिक उपकरणों से रोगियों की दृष्टि और नेत्र रोगों की जांच की जाएगी। मोतियाबिंद से पीड़ित निर्धन रोगियों को आपरेशन की आवश्यकता पड़ने पर एम्बुलैंस से सेवा सदन अस्पताल भेजकर उनके नि:शुल्क आपरेशन किये जायेंगे।

सेवा सदन के चिकित्सकों ने कहा कि पहले 60 बरस या उससे अधिक उम्र वाले लोगों को मोतियाबिन्द की शिकायत होती थी, लेकिन अब पर्यावरणीय दुष्प्रभावों, खानपान और बिगड़ती हुई जीवनशैली, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, एन्ड्रोइड सेलफोन, लैपटॉप, डेस्कटॉप, स्मार्ट टीवी आदि उपकरणों के बहुतायत उपयोग के कारण कम उम्र में ही लोगों की दृष्टि खराब होने लगी है। यदि शुरूआती तौर पर ही इन लोगों को अपनी आंखों की जांच की सुविधा और साधन मिलने लगे तो उनकी दृष्टि को होने वाली स्थायी क्षति की संभावनाओं को समय रहते रोका जा सकता है।

## आर्ट ऑफ गिविंग की वर्षगांठ मनाई




**भोपाल।** आर्ट ऑफ गिविंग की बारहवीं वर्षगांठ के अवसर पर आज भोपाल में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिससे आयोजन की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा और भी बढ़ी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पियूष तिवारी, व्यापार आयुक्त (राष्ट्रमंडल देशों)तथा के.के. श्रीवास्तव, पूर्व संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग एवं पूर्व महाप्रबंधक, मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम उपस्थित रहे। अतिथियों ने आर्ट ऑफ गिविंग की वैश्विक पहुँच और समाज में इसके सकारात्मक प्रभाव की सराहना की। मध्यप्रदेश अध्यक्ष निखिल तिवारी ने सभा को संबोधित करते हुए आर्ट ऑफ गिविंग के संस्थापक प्रोफेसर अच्युत सामंत जी के योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार यह विचारधारा आज 222 देशों में मानवता, करुणा और सेवा का संदेश पहुँचा रही है।

## एमएल मेमोरियल स्कूल का बोर्ड परीक्षाओं में शानदार परिणाम

**भोपाल।** विश्वकर्मा नगर स्थित एम. एल. मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में अभूतपूर्व सफलता हासिल करते हुए कुल 95 प्रतिशत परिणाम के साथ क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराया। स्कूल के संचालक उमेश नामदेव ने इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की संयुक्त मेहनत का परिणाम है। 12वीं कक्षा में धनिया पंथी ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल टॉप किया। शालीन बाग 89 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। हर्षिका शास्त्री ने 83प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। 10वीं कक्षा में अलीशा अली ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। शिव पवार ने 93 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। लोकेश साहू ने भी 93 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। आठवीं कक्षा में मसरत जहां ने प्रथम रैंक प्राप्त की। पांचवीं कक्षा में नेहा पंथी ने अपनी कक्षा में टॉप कर स्कूल की गरिमा बढ़ाई। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## अपना दल (एस) के राष्टीय महासचिवों का नगर आगमन

**भोपाल।** 18 मई को अपना दल (एस) के मध्य प्रदेश प्रभारी एवं पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आर. बी. सिंह पटेल तथा युवा मंच के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अखिलेश पटेल का नगर आगमन होने जा रहा है। दोनों नेता भोपाल में आयोजित पार्टी के चिंतन शिविर में शामिल होंगे। इस अवसर पर संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर आगामी रणनीति पर चर्चा करेंगे। शिविर में प्रदेश संगठन को सशक्त करने पर विशेष फोकस रहेगा। शिविर की अध्यक्षता राजनीतिक रणनीतिकार डॉ अतुल मालिकराम कर रहे हैं।

## भारतीय सेना के शौर्य को समर्पित सिंदूर प्रीमियर लीग नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट आज से 25 मई तक

**संत हिरदाराम नगर।** लगातार 8 वर्षों से पुराने भोपाल के बाबे अली ग्राउंड में होने वाले सिंधी प्रीमियर लीग को इस बार आयोजक सिंधु सेना ने भारतीय सेना के द्वारा चलाए गए सफल ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित करते हुए 'सिंदूर प्रीमियर लीग' के नाम किया है। ग्राउंड को तिरंगे से सजाकर सेना के अदम्य साहस को प्रदर्शित करती हुई प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी जहां आने वाले सभी दर्शक सेना के शौर्य का अनुभव कर प्रदर्शनी के साथ अपना फोटो या सेल्फ़ी ले सकेंगे। 18 मई से 25 मई तक बाबे आली स्टेडियम मे शाम 7 बजे शुरू होने जा रहे टूर्नामेंट का शुभारंभ भारतीय सेना के पूर्व सैनिकों द्वारा किया जायेंगा एवं इस खास मौके पर पूर्व सैनिको का सम्मान किया जायेगा एवं सभी प्रतिभागी टीमों के नाम भारतीय सेना की विभिन्न रेजिमेंट पर रखा जाएगा। सभी खिलाड़ी सेना के सम्मान में मिलेट्री की टीशर्ट एवं ऑपरेशन सिंदूर की केप पहनेंगे।

## मिशन कर्मयोगी अंतर्गत कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की क्षमता इकाई का गठन

**भोपाल।** राज्य शासन द्वारा मिशन कर्मयोगी अंतर्गत कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की क्षमता इकाई का गठन किया गया है। प्रमुख सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग अमित कुमार राठौर को अध्यक्ष एवं आयुक्त हाथकरघा एवं हस्तशिल्प तथा प्रबंध संचालक संत रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम मदन कुमार नागरगोजे को सदस्य सचिव बनाया गया है। मालसिंह भयडिया प्रबंध संचालक म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी म.प्र. माटीकला बोर्ड, मोहित बुंदस आयुक्त रेशम संचालनालय, अरुण कुमार सिंह उप सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग, जी.एस. आर्य अवर सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग को सदस्य बनाया गया है। मिशन कर्मयोगी, एक सरकारी पहल है, जिसका उद्देश्य सिविल सेवकों को राष्ट्र की सेवा के लिए बेहतर तैयार करना है। यह सिविल सेवा में सुधार के लिए एक व्यापक योजना है। मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य पारदर्शिता और प्रौद्योगिकी के माध्यम से सिविल सेवकों को एक आदर्श कर्मयोगी के रूप में विकसित करना है। मिशन कर्मयोगी, सार्वजनिक सेवा में सुधार के लिए एक व्यापक योजना है, जिसमें कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग भी शामिल है। यह मिशन ग्रामीण विकास के लिए आवश्यक सुधारों को लागू करने में मदद करता है। मिशन कर्मयोगी के माध्यम से सिविल सेवकों को प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे वे कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के कार्यों को बेहतर ढंग से समझ सकें।

# संभागायुक्त ने एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली का किया निरीक्षण

**भोपाल।** संभागायुक्त श्री संजीव सिंह ने स्मार्ट सिटी ऑफिस में एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली का निरीक्षण करते हुए ई-चालान प्रक्रिया और पेनल्टी के भुगतान की प्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने ई-चालान के माध्यम से पेनल्टी भरने के विभिन्न तरीकों को जाना और अधिकारियों को 01 जनवरी 2025 से अब तक हुए यातायात नियम उल्लंघनों, जारी चालानों की संख्या एवं वसूली की गई राशि का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने चालानों के भुगतान की नियमित निगरानी एवं फॉलोअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



संभागायुक्त श्री संजीव सिंह ने शुक्रवार को स्मार्ट सिटी ऑफिस में एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली का निरीक्षण किया एवं प्रणाली के क्रियान्वयन एवं यातायात प्रबंधन तथा शासन में इसके प्रभावी उपयोग को लेकर अधिकारियों को बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डीसीपी ट्रैफिक श्री संजय सिंह,राजस्व उपायुक्त श्रीमती किरण गुप्ता, एडीएम श्री प्रकाश नायक, सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती अंजू अरुण कुमार, एसडीएम श्री रविश श्रीवास्तव एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

संभागायुक्त श्री सिंह ने डीसीपी ट्रैफिक श्री संजय सिंह को 31 मई तक वाहनों की चेकिंग अभियान को प्रभावी रूप से संचालित कर ओवर स्पीडिंग, रेड लाइट जंप करना, अनुचित पार्किंग और बिना वैध दस्तावेजों के वाहन चलाने जैसे मामलों में नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इससे न केवल दुर्घटनाओं में कमी आती है,बल्कि जीवन की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है। नियमों की अनदेखी न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह दूसरों की ज़िंदगी को भी खतरे में डालता है। सुरक्षित यात्रा के लिए नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

# विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 1100 से अधिक लोग हुए लाभान्वित

**भोपाल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य जागरूकता, जांच, परामर्श एवं उपचार शिविर आयोजित किए गए। समाचार पत्र वितरकों, नगर निगम कर्मियों, सिटी बस चालकों और बस कंडक्टर्स के लिए आयोजित इन विशेष शिविरों में 1115 हितग्रहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।



शिविरों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हीमोग्लोबिन सहित विभिन्न जांच एवं उपचार निःशुल्क दिया गया। साथ ही आभा आईडी एवं आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। शिविर में परिजनों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग,भोपाल द्वारा पहल करते हुए शहर के 6 स्थानों पर समाचार पत्र वितरकों के लिए पहली बार स्पेशल कैंप लगाए गए। दैनिक भास्कर कार्यालय , प्रेस कॉम्प्लेक्स में आयोजित शिविर में राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने शिविर का अवलोकन कर समाचार पत्र वितरकों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने जिला स्वास्थ्य समिति भोपाल के इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए वंचित वर्ग तक पहुंचने के ये प्रयास प्रशंसनीय है। उच्च रक्तचाप साइलेंट किलर है, इसलिए नियमित तौर पर जांच करवाना जरूरी है। विभाग द्वारा 30 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए निःशुल्क स्क्रीनिंग, जांच और उपचार की व्यवस्था की गई है। आईएसबीटी परिसर में आयोजित शिविर में 170 निगम कर्मियों और 85 सिटी बस चालकों और बस कंडक्टर्स का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें से 27 में उच्च रक्तचाप ओर 21 में बढ़ी हुई शर्करा मिली है। जिले के 6 स्थानों पर अखबार वितरकों के लिए लगाए गए शिविरों में 860 लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण में 96 उच्च रक्तचाप और 72 में बढ़ी हुई शर्करा मिली है। जिन्हें उपचार, दैनिक जीवनचर्या में परिवर्तन खान-पान में सावधानी एवं नियमित फॉलोअप की सलाह दी गई। शिविर में 45 आयुष्मान कार्ड और 118 आभा आईडी बनाई गईं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने शिविर आयोजन में नगर निगम एवं मीडिया संस्थानों को सहयोग ज्ञापित करते हुए बताया कि हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक के खतरों को कम करने का पहला कदम नियमित जांच और रक्तचाप को नियंत्रित करना है । उच्च रक्तचाप की जांच बेहद आसान और शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में निःशुल्क भी है। विभाग द्वारा समाज के विभिन्न वंचित वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के प्रयास निरंतर किया जा रहे हैं।

## अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर आज सप्ताहव्यापी संग्रहालय मेला

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, मध्यप्रदेश द्वारा 18 मई 2025 से राजधानी भोपाल स्थित राज्य संग्रहालय परिसर, श्यामला हिल्स में सप्ताहव्यापी संग्रहालय मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से जनसामान्य को इतिहास और सांस्कृतिक धरोहरों से रूबरू कराने का अभिनव प्रयास किया गया है। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव महोदय द्वारा वर्चुअल म्यूज़ियम केंद्र का शुभारंभ किया जाएगा। यह केंद्र आगंतुकों को एक अद्वितीय डिजिटल अनुभव प्रदान करेगा, जिसमें पहली बार वर्चुअल म्यूज़ियम यात्रा की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त, इस समारोह में संचालनालय के अधिकृत मैस्कॉट का लोकार्पण भी किया जाएगा। आयोजन के मुख्य अतिथि श्री शिव शेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग होंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत एक छायाचित्र प्रदर्शनी ' 'भारत की सौर परंपरा का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें भारत के सूर्य मंदिर एवं मूर्तियों के माध्यम से प्रस्तुत की जाएंगी। यह प्रदर्शनी प्रात: 10:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक निशुल्क आमजन के लिए खुली रहेगी। 'संग्रहालय मेला' में विशेष प्रदर्शनियों, शैक्षणिक गतिविधियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, बच्चों के लिए रचनात्मक कार्यशालाओं सहित विविध आयोजन होंगे, जो संग्रहालयों के प्रति जनसामान्य की रुचि और सहभागिता को सुदृढ़ करेंगे। प्रदेश के अन्य जोनल कार्यालयों - ग्वालियर, इंदौर एवं जबलपुर ङ्क में भी इस दिवस को विशेष रूप से मनाया जाएगा। ग्वालियर में अतीत से भविष्य के सेतु = हमारे संग्रहालय विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन मोती महल में किया जाएगा, जिसमें ख्यात विषय विशेषज्ञ विचार प्रस्तुत करेंगे। इंदौर में विंटेज इंदौर विषय पर प्रदर्शनी और संगोष्ठी आयोजित की जाएगी।





मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पूर्व केंद्रीय पर्यावरण ,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री अनिल माधव दवे की पुण्यतिथि पर नदी का घर पहुंच कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।




पार्षद सुरेन्द्र वाडिका ने पूर्व केंद्रीय पर्यावरण ,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री अनिल माधव दवे की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# छात्र केवल किताबी ज्ञान ना लें, बल्कि वे अपनी स्किल को भी डेवलप करें: सीएम यादव



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

इंदौर की रेनेसां यूनिवर्सिटी में बुधवार रात सीएम डॉ. मोहन यादव द्वारा 'कृष्ण तत्व' विषय पर छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, दर्शन और उपदेशों पर आज के संदर्भ में संवाद हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेकर भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जोड़ना था। यहां सीएम ने श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित 7 बड़ी सीख भी छात्रों को दी। यहां सीएम ने छात्रों से कहा कि वे केवल किताबी ज्ञान ना लें, बल्कि वे अपनी स्किल को भी डेवलप करें। इसके लिए मप्र सरकार कई योजनाएं चला रही हैं। रेनेसां यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति स्वप्निल कोठारी ने इस मौके पर सीएम यादव से संवाद करते हुए कहा कि 18 से 21 वर्ष के बच्चों से श्रीकृष्ण पर बात आज करनी इसलिए जरूरी है क्योंकि। जो आंखों को देखकर मन के भाव समझ ले, उनसे बड़ा साक्लॉजिस्ट कोई नहीं है। द्वारका बनाने की बात आई तो उसमें अद्भुत कला का प्रदर्शन किया, जिससे पता चलता है कि उनसे बड़ा आर्किटेक्ट कोई नहीं है। अनलिमिटेड फिजिक्स की स्पीड वाले सुदर्शन चक्र को चलाना जानने वाले सबसे बड़े काईनैटिक इंजीनियर भी वही थे। अपनी मुरली की धुन पर मानव के साथ पशुङ्कपक्षी और पेड़ङ्कपौधों को भी मंत्रमुग्ध कर दे, ऐसे म्यूजीशियन भी श्रीकृष्ण ही थे। जब हम श्रीकृष्ण की बात करते हैं तो भगवत गीता का उल्लेख आता ही है। उसमें से एक निष्काम कर्म और दूसरी अकर्ता भाव की। क्योंकि आप मप्र के सफल राजनेता और मुख्यमंत्री भी हैं। मैं आपसे समझना चाहता हूं कि आज की जो राजनीति चल रही है। उसमें निष्काम कर्म कहीं पर भी दिखाई नहीं देता है। जो अभी नीति दिखाई दे रही है वह यह है कि सिर्फ सत्ता होना चाहिए और सत्ता के सिवाए कोई वाद नहीं है। सिर्फ अवसरवाद हमारे सामने है। वहीं, अकर्ता का भाव जैसे कि भगवान ने स्वयं कहा है कि अहंकार नहीं होना चाहिए।

## मुख्यमंत्री ने दी छात्रों को भगवान श्री कृष्ण के जीवन से जुड़ी सीख

**बड़ा बनने के लिए किसी भी काम में शर्म ना करें:** सीएम यादव ने श्रीकृष्ण के जीवन के सबसे खास पहलू के बारे में बताया कि जिस तरह से भगवान ने किसी भी काम को करने में कोई शर्म नहीं की। उसी तरह हमें भी छोटे से छोटे काम को करने में शर्म नहीं करनी चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने गोकुल में गाय चराई, जरूरत पड़ी तो वे महाभारत का युद्ध टालने के लिए पांडवों के लिए दूत बनकर भी गए। फिर जब बात नहीं बनी तो युद्ध के मैदान में वे अजुर्न के सारथी भी बने।

**मित्रता की क्या परिभाषा है:** भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंग को याद करते हुए सीएम ने कहा कि आज कल मैं देखता हूं कि अंग्रेजी संस्कारों के कारण लोग मैं और मेरा परिवार की परिभाषा पर चल रहे हैं, जबकि हमारे जीवन में मित्रता भी काफी जरूरी है। अपने मित्रों को जरूर याद रखो, जब भी जरूरत हो उसकी मदद के लिए सदैव खड़े रहो। उन्होंने मित्रता निभाने के लिए भी भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से सीखने का कहा। सीएम ने कहा कि भगवान से सुदामा की मित्रता स्कूल के समय हुई। मित्र को जीवनभर याद रख पाना कठिन है, लेकिन जब सुदामा मुट्?ठीभर चावल लेकर उनके द्वार पा आया तो वे तुरंत समझ गए और अपने मित्र से मिलने के लिए दौड़ पड़े।

**अधिकारों का हनन ना हो:** सीएम ने कहा कि यमुना नदी के जल पर सभी गोकुल वासियों का हक था, लेकिन कालिया नाग ने उस पर कब्जा कर रखा था। भगवान ने उस कालिया नाग से युद्ध किया और जल को सभी के लिए सुलभ करवाया। इसी तरह हमने भी 25 साल से मप्र और राजस्थान के बीच नदियों के जल को लेकर झगड़ा चल रहा था। उसे समाप्त किया और उत्तर प्रदेश के साथ केनङ्कबेतवा लिंक परियोजना को लेकर भी बात करके उसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से करवाया।

**त्याग में परिवारवाद न हो:** सीएम यादव ने कहा कि त्याग को भी हमें भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से सीखना चाहिए। उन्होंने बताया कि भगवान ने अपने जीवनकाल में कई युद्ध किए।

**अपनी संस्कृति से प्यार:** सीएम मोहन यादव ने छात्रों से सवाल किया कि बताएं भगवान श्रीकृष्ण ने सिर पर मोर मुकुट क्यों लगाया था? इसके जवाब में उन्होंने ही विस्तार से बताया कि मयूर पंख के माध्यम से वे हमेशा ही अपनी मिट्टी और संस्कृति से जुड़े रहना चाहते थे। उस मोर मुकुट की वजह से उन्हें कभी भी गोकुल और वृंदावन से दूरी का अहसास नहीं हुआ और उन्होंने अपने गांव की संस्कृत को सदैव ही अपने सिर माथे पर सजाए रखा।

**शिक्षा मतलब कागज की डिग्री नहीं:** भगवान श्री कृष्ण ने शिक्षा उज्जैन के सांदीपनी आश्रम से ग्रहण की। इस पर सीएम यादव बोले कि शिक्षा मतलब सिर्फ मैकाले की कागज की डिग्री नहीं होना चाहिए। जिस तरह से भगवान 14 विद्या और 64 कलाओं के ज्ञाता थे तो उसी तरह आज के युवा को स्किल में महारत होना चाहिए।




## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी वीर भारत न्यास के पूर्णकालिक न्यासी नियुक्त



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संस्कृति सलाहकार श्री राम तिवारी को वीर भारत न्यास का पूर्णकालिक न्यासी नियुक्त किया गया है। राज्य शासन संस्कृति विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। बता दे कि श्री राम तिवारी राज्य के संस्कृति संचालक रहे हैं और वे संस्कृति विषयों के विशेषज्ञ के रूप में जाने जाते हैं। तवारी के पास महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ के निदेशक की भी जिम्मेदारी है। वे इस संस्था का काम भी करते रहेंगे।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा शहर में निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा की



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा शहर में निर्माणाधीन विकास कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा कराया जाए तथा आगामी 15 जून को जिला चिकित्सालय के विस्तार भवन एवं ओपीडी का संचालन शुरू किया जाए। राजनिवास सर्किट हाउस रीवा में समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पीआईयू द्वारा पुनर्घनत्वीकरण योजनान्तर्गत 65 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन विकास कार्यों को गति देकर शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने व्यंकट क्लब भवन और पीडब्ल्यूडी भवन का शेष निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए संबंधित निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया। उन्होंने कोल भवन की बाउन्ड्रीवाल सहित शेष निर्माण कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए। पीके स्कूल सांदीपनी विद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा की और दिसम्बर माह तक सांदीपनी विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ढेकहा तिराहा से करहिया मण्डी तक सड़क निर्माण कार्य को वर्षाकाल से पूर्व पूरा करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा बायपास फोरलेन के निर्माण के लिए शेष अर्जित भूमि का अधिग्रहण कर निर्माण एजेंसी को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 19 किलोमीटर लंबाई का बायपास सर्विस रोड के साथ फोरलेन बन रहा है। इसके कार्य में व्यवधान न हो तथा यह कार्य समय सीमा में पूर्ण हो जाए। उन्होंने लायब्रेरी भवन सहित अन्य शासकीय भवनों के रूके हुए निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े सहित विभिन्न निर्माण विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### पतंजलि जिला प्रमुख विश्वकर्मा के स्वास्थ्य की ली जानकारी



भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने संजय गांधी अस्पताल पहुंचकर पतंजलि जिला प्रमुख रामाधार विश्वकर्मा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों को श्री विश्वकर्मा के समुचित उपचार के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने इसके बाद अस्पताल की व्यवस्थाओं तथा अन्य मरीजों के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली। इस अवसर पर डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल तथा अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## सरकार पंचायतों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है: मंत्री पटेल




**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान और पंच-सरपंच सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में पंचायतों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश नदियों की जन्मस्थली है और इनका संरक्षण हमारे साथ आने वाली पीढ़ियों की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने आह्वान किया कि छोटी नदियों और उनके जल स्रोतों को बचाने पर ध्यान दें। नदियों के उद्गम स्थलों को संरक्षित करें, तटों पर पौधे लगाएं और वृक्ष बनने तक उनकी देखरेख करें। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि राज्य सरकार पंचायतों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सभी ग्राम पंचायतों को अपने विकास की योजना स्वयं बनानी चाहिए। इसके लिए सरकार उनके साथ खड़ी है और विकास हेतु आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रही है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पंचायतों को अब सशक्त और अधिकार-संपन्न बनाया जा रहा है। सरपंचों को 25 लाख रुपये तक के वित्तीय अधिकार दिए गए हैं। साथ ही अधोसंरचना विकास के लिए भी पर्याप्त राशि प्रदान की जा रही है। क्लस्टर स्तरीय पंचायतों में 45.50 लाख रुपये और अन्य पंचायतों में 37.50 लाख रुपये की लागत से पंचायत भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से सामुदायिक भवन बनाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को न केवल अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना होगा, बल्कि अपने कर्तव्यों का भी गंभीरता से निर्वहन करना होगा।

## वूमन फॉर ट्री अभियान में प्रदेश की सशक्त भागीदारी, राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश दूसरे स्थान पर

**भोपाल।** प्रदेश में केन्द्र सरकार के एक पेड़ माँ के नाम से प्रेरित होकर अमृत मित्र योजना के अंतर्गत वूमन फॉर ट्री पौध-रोपण अभियान का संचालन किया जा रहा है। यह अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में क्रियान्वित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अमृत 2.0 योजना एवं डे-एनयूएलएम के कन्वर्जेंस से संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में हरित क्षेत्र का विस्तार, पर्यावरण संतुलन बनाये रखने, नागरिकों को स्वस्थ जीवन-शैली एवं महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। वूमन फॉर ट्री अभियान के संचालन के लिये केन्द्र सरकार ने पोर्टल तैयार किया है। सभी प्रदेशों से उन स्थानों का चयन करने के लिये कहा गया था, जिन स्थलों पर पौध-रोपण किया जायेगा। मध्यप्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे स्थान पर है, जहाँ 565 विजिट कर स्थल की पहचान की गयी है। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किया जायेगा। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 31 अगस्त 2025 तक प्रदेश में व्यापक स्तर पर पौध-रोपण अभियान संचालित किया जाएगा। यह पौधे जल संरचनाओं के आसपास, कैचमेंट एरिया, पार्क, शासकीय संस्थानों, विद्यालयों, जल शोधन संयंत्रों तथा उपलब्ध शासकीय भूमि का चयन कर किया जायेगा। लगाये गये पौधों का संरक्षण एवं नियमित निगरानी महिला स्व-सहायता समूहों (अमृत मित्रों) के माध्यम से की जायेगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने बताया कि प्रदेश में वूमन फॉर ट्री'' अभियान तीन चरण में पूरा किया जाएगा। प्रथम चरण में स्थल चयन के लिये भ्रमण कार्यक्रम 21 मई से 23 मई, दूसरा चरण पौध-रोपण कार्यक्रम 5 जून से 31 अगस्त तक और तीसरा चरण पौधों का संरक्षण एवं निगरानी कार्य 1 से 2 वर्षों तक किया जायेगा। यह अभियान नारी सशक्तिकरण एवं हरित भारत के निर्माण की दिशा में एक अनूठा प्रयास है। इस अभियान को सामाजिक सहभागिता और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के साथ पूरा किया जायेगा।

### फसल विविधिकरण और कृषि उद्यमिता पर कृषि विज्ञान केंद्र में कार्यशाला का हुआ आयोजन

# अश्वगंधा की खेती से बदलेगी किसानों की किस्मत



**दमोह।** फसल विविधिकरण और कृषि उद्यमिता विकास पर कृषि विज्ञान केंद्र सागर नाक दमोह में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (डिक्की), संपदा फूड एसोसिएशन तथा भूमिशा ऑर्गेनिक द्वारा जिला प्रशासन, कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र के मार्गदर्शन किया गया।

कार्यशाला में डिक्की के अध्यक्ष डॉ अनिल सिरवैया, संपदा फूड एसोसिएशन की डायरेक्टर डॉ मोनिका जैन, भूमिका ऑर्गेनिक डॉ राजीव जैन, कृषि क्रांति समन्वय समिति के प्रतिनिधि डॉ आदिल वेग, किसान संगठन के प्रदेश मंत्री श्री आर.सी. पटेल, जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष श्री हरिश्चंद्र पटेल, प्रांतीय प्रचार-प्रसार प्रमुख श्री राम मिलन पटेल, संभागीय मंत्री श्री हेमंत पटेल, जिला अध्यक्ष किसान संगठन श्री श्रीराम पटेल, जिला उपाध्यक्ष श्री राजेश पटेल, जिला जैविक प्रमुख श्री पूरन पटेल, जिला अध्यक्ष अजाक्स डॉ मोहन आदर्श, जनपद सदस्य हटा श्री कनई पटेल, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ मनोज अहिरवार, उप संचालक कृषि श्री जे. एल. प्रजापति, जिला आयुष अधिकारी श्री डॉ राजकुमार पटेल, कृषि वैज्ञानिक डॉ राजेश द्विवेदी, कृषि वैज्ञानिक डॉ डी.पी. सिंह, सहायक संचालक उद्यान श्री यश कुमार सिंह, कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी,विकासखंड तकनीकी प्रबंधक (आत्मा), किसान उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधि, गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि प्रगतिशील किसान, जैविक/प्राकृतिक खेती करने वाले किसान एवं विभिन्न विकास खंडों से पधारे कृषकों के बीच जिले में फसल विविधीकरण एवं कृषि उद्यमिता के विकास को लेकर चर्चा-परिचर्चा की गई। कार्यशाला में डिक्की के अध्यक्ष डॉ अनिल सिरवैया ने फसल विविधिकरण और खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने और जिले में उद्यमिता एवं स्व रोजगार के अवसर निर्मित करने पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अश्वगन्धा को खेती और इसके प्रसंस्करण की पहल दमोह जिले की पूरे देश अलग पहचान बनाएगी।

दमोह जिले में फसल विविधिकरण के तहत किसानों को अश्वगंधा की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। दमोह जिले की जलवायु अश्वगंधा की खेती के लिए उपयुक्त है, इसीलिए भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने भी अश्वगंधा की खेती के लिए दमोह जिले का चयन किया है। अश्वगंधा की खेती जिले के किसानों की किस्मत बदल सकती है। पायलट प्रोजेक्ट में जिले में 500 एकड़ में अश्वगन्धा की खेती की तैयारी की जा रही है।

संपदा फूड एसोसिएशन की डायरेक्टर डॉ मोनिका जैन अश्वगंधा और स्वीट कॉर्न की खेती और इससे होने वाले लाभों की किसानों को जानकारी दी। उन्होंने गेहूं, मूंग, धान जैसी फसलों की तुलना में अश्वगंधा जैसी फसलों की हाई वैल्यू से किसानों को आय बढ़ाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट में 250 से 500 एकड़ भूमि पर अश्वगन्धा को खेती प्रारंभ की जाएगी। जिले के 70 से ज्यादा किसानों ने अश्वगंधा की के लिए अपनी सहमति दी। उपसंचारक कृषि श्री जे.एल. प्रजापति ने बताया की राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना अंतर्गत जिले में 40 क्लस्टर का विकास किया जा रहा है जिसके अंतर्गत जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा, एक क्लस्टर में 125 कृषक तथा प्रत्येक कृषक के पास कम से कम एक एकड़ जमीन प्राकृतिक खेती के लिए हो ऐसे कृषकों का चयन किया जा रहा है।

इस मिशन के तहत कृषकों को कृषि विज्ञान केंद्र एवं लोकल प्राकृतिक खेती ट्रेंनिंग सेंटर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा कृषकों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रतिवर्ष खरीफ मौसम में 2000 एवं रबी मौसम में 2000 इस प्रकार 1 वर्ष में ?4000 यह राशि 2 वर्ष तक कृषकों को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न आदान सामग्री ड्रम आदि खरीदने के लिए डी.बी.टी. के माध्यम से भुगतान की जाएगी।श्री प्रजापति ने बताते हुए कहा कि प्राकृतिक एवं जैविक खेती पद्धति से अश्वगंधा एवं स्वीट कॉर्न की खेती आसानी से की जा सकती है और इसकी खेती परंपरागत फसलों की अपेक्षा अधिक लाभदायक है।

## अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस

# संग्रहालय सांस्कृतिक आदान-प्रदान आपसी समझ शांति के विकास का एक महत्वपूर्ण साधन हैं



योग गुरु महेश अग्रवाल

आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल कई वर्षो से निःशुल्क योग प्रशिक्षण के द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखा रहें है। वर्तमान में भी ऑनलाइन एवं प्रत्यक्ष माध्यम से यह क्रम अनवरत चल रहा है। योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस प्रत्येक वर्ष 18 मई को मनाया जाता है। इसका मूल उद्देश्य जनसामान्य में संग्रहालयों के प्रति जागरूकता तथा उनके कार्यकलापों के बारे में जन जागृति फैलाना है। इसका यह भी एक उद्देश्य है कि लोग संग्रहालयों में अपने इतिहास को अपनी प्राचीन समृद्ध परंपराओ को जाने और समझे। अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय परिषद के अनुसार ÷ संगृहालय में ऐसी अनेक चीजें सुरक्षित रखी जाती हैं जो मानव सभ्यता की याद दिलाती है। संग्रहालय में रखी वस्तु हमारी सांस्कृतिक धरोहर तथा प्रकृति को प्रदर्शित करती है। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 2025 की थीम तेजी से बदलते समुदायों में संग्रहालयों का भविष्य। इस थीम का उद्देश्य, तीन लेंसों के माध्यम से समुदायों में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए संग्रहालयों की क्षमता का पता लगाना है। स्थिरता प्राप्त करने की शक्ति। डिजिटलीकरण और पहुंच पर नवाचार की शक्ति। शिक्षा के माध्यम से सामुदायिक निर्माण की शक्ति।

आधुनिक संग्रहालयों का उद्देश्य जनता के अध्ययन और शिक्षा के लिए कलात्मक, सांस्कृतिक या वैज्ञानिक महत्व की वस्तुओं को इकट्ठा करना, संरक्षित करना, व्याख्या करना और प्रदर्शित करना है। संग्रहालय एक ऐसा संस्थान है है जो समाज की सेवा और विकास के लिए जनसामान्य के लिए खोला जाता है और इसमें मानव और पर्यावरण की विरासतों के संरक्षण के लिए उनका संग्रह, शोध, प्रचार या प्रदर्शन किया जाता है जिसका उपयोग शिक्षा, अध्ययन और मनोरंजन के लिए होता है।

### योग गुरु अग्रवाल नें बताया कि

हमारे भारत की प्राचीन संस्कृति, मान्यताओं या इतिहास के बारे में जानना चाहते हैं तो संग्रहालय में ही इनका जवाब हैं। भारत के दौरे को कभी भी संग्रहालयों के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है - यही प्राचीन दस्तावेजों और वस्तुओं का खजाना घर हैं। भारत में योग एवं आयुष की भारतीय चिकित्सा प्रणाली के लिए कई म्यूजियम और संग्रहालय हैं। यहाँ कुछ प्रमुख म्यूजियम और संग्रहालय हैं-राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर, सेंट्रल रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर योग एंड नेचरोपैथी, नई दिल्ली, मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योग, नई दिल्ली, राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा विरासत संस्थान , हैदराबाद, यह इतिहासकारों, वैज्ञानिकों और अन्य कार्यकर्ताओं के लिए संसाधन सामग्री प्रदान करता है, जो आधुनिक चिकित्सा के साथ-साथ आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी और सोवा रिग्पा ( आयुष ) के ऐतिहासिक पहलुओं का अध्ययन और दस्तावेजीकरण करने में रुचि रखते हैं।

प्रो. जी. रामेश्वरम अंतर्राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा पुस्तकालय, वारंगल हनमकोंडा, तेलंगाना काकतीय विश्वविद्यालय के एक सेवानिवृत्त प्रोफेसर नेचुरोपैथी, स्वस्थ जीवन जीने के विज्ञान और बीमारियों को ठीक करने की दवा रहित प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। प्रोफेसर गजाला रामेश्वरम ने नेचुरोपैथी को बचाने और प्रचारित करने में अपना योगदान दिया है। उन्होंने नेचुरोपैथी पर हजारों पुस्तकों, पत्रिकाओं और संबद्ध साहित्य से युक्त एक पुस्तकालय की स्थापना और रखरखाव किया है। नेचुरोपैथी पुस्तकालय, नेचुरोपैथी चिकित्सकों और उन लोगों के लिए बहुत मूल्यवान है जो स्वस्थ जीवन जीने की प्राचीन प्रणाली के बारे में जानना चाहते हैं। इसके अलावा, भारत में कई अन्य संस्थान और म्यूजियम हैं जो आयुष और योग की विरासत को प्रदर्शित करते हैं।

**पतंग संग्रहालय, अहमदाबाद:** यह भारत के प्रमुख पर्यटक आकर्षणों में से एक है, जिसमें एक ही स्थान पर दुर्लभ प्रकार की पतंगों का संग्रह है। पालड़ी पतंग संग्रहालय पतंगों के बारे में आकर्षक तथ्य प्रदर्शित करता है, क्योंकि गुजरात उत्तरायण या मकर संक्रांति के दौरान अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव के लिए जाना जाता है।

**राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, नई दिल्ली:** देश की राजधानी में स्थापित यह शानदार संग्रहालय हर रेल प्रेमी के लिए स्वर्ग जैसा है, पुराने रेलवे के डिब्बे। भाप के पुराने इंजन उपकरण, अन्य चीजें बड़े जतन से से सम्हाल कर रखी गईं हैं। यदि ट्रेने हमारी कल्पनाओं में बसतीं हैं तब यह 10 एकड़ जमीन पर फैले इस संग्रहालय, जिस में विभिन्न टॉय ट्रेन, गाड़ियों का शानदार संग्रह, एंटीक स्टीम लोकोमोटिव और अन्य रेलवे मास्टरपीस हैं वास्तव में चकित करतीं हैं।



**राष्ट्रीय उड्डयन संग्रहालय, वास्को डी गामा:** यह भारतीय नौसेना एयर आर्म के विकास को प्रदर्शित करने वाले दो सैन्य संग्रहालयों में से एक है,जिसमें भारतीय जलसेना के विकास की कहानी बताई गई है। इसमें जलसेना के विमानों के इंजन और मॉडल रखे गए हैं। दूसरा संग्रहालय दिल्ली में भारतीय वायु सेना संग्रहालय है।

**बेवाच वैक्स म्यूजियम, कन्याकुमारी:** भारत की मुख्य भूमि के सबसे दक्षिणी छोर पर स्थित कन्याकुमारी के समुद्रतट के मनोरंजन पार्क में यह संग्रहालय बना हुआ है,जो देश का पहला मोम संग्रहालय है। मेडम तुसाद की तर्ज पर बने हुए इस संग्रहालय में प्रसिद्ध व्यक्तियों व सितारों के मोम के पुतले बना कर रखे गए हैं। बेवाच शहर के समुद्र तटीय मनोरंजन पार्क में स्थित, यह एक लोकप्रिय पर्यटक आकर्षण है।

**मायोंग ब्लैक मैजिक एंड विचक्राफ्ट संग्रहालय, गुवाहाटी:** इस संग्रहालय में विभिन्न पौराणिक महाकाव्य और काले जादू और आयुर्वेद की कुछ प्राचीन पांडुलिपि हैं। मायोंग पहाड़ी शहर को भारत की काली जादू की राजधानी के रूप में जाना जाता है।

**फॉसिल पार्क संग्रहालय, सिरमौर:** इसे शिवालिक फॉसिल पार्क के रूप में भी जाना जाता है, यह शिवालिक स्तनधारियों के संरक्षण और शिवालिक जीवाश्मों के साथ एक अद्वितीय स्थान है। भारत में मंडला प्लांट फॉसिल्स नेशनल पार्क और धार में डायनासोर फॉसिल पार्क के साथ-साथ अन्य जीवाश्म पार्क भी हैं।

शौर्य स्मारक मध्य प्रदेश के भोपाल में सबसे मनोरम संग्रहालय है। लगभग 12 एकड़ में फैला, शौर्य स्मारक एक सार्वजनिक पार्क के रूप में डिज़ाइन किया गया है जिसमें कल्पनाशील और सम्मोहक वास्तुशिल्प स्थापनाएं हैं जो सैनिकों द्वारा किए गए बलिदानों को चित्रित करती हैं। पार्क के भीतर शौर्य स्तंभ है, जो जमीन से उभरी हुई 62 फुट ऊंची मूर्ति है, जो भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना का प्रतिनिधित्व करती है। सेना को ग्रेनाइट से, नौसेना को भूरे रंग से और वायु सेना को सफेद रंग से दर्शाया गया है। शौर्य स्तंभ के चारों ओर शहीद सैनिकों के नाम कांच के पैनलों पर उकेरे गए हैं। शौर्य स्तंभ के बगल में स्मारक ज्योति है, जो शहीदों को श्रद्धांजलि के रूप में होलोग्राफिक लौ से रोशन है।

योद्धा स्थल संग्रहालय भोपाल में भोपाल सैन्य स्टेशन के द्रोणाचल परिसर में स्थित है। यह संग्रहालय भारतीय सेना की युद्ध संबंधी कलाकृतियों और विभिन्न विषयों पर सूचनात्मक ग्रंथों का संग्रह है। अपनी सेना को जाने÷ संग्रहालय भी कहा जाता है। भोपाल में यह एक अनूठा संग्रहालय हैं जो हमारे सैन्य बलों के बारे में कई दिलचस्प तथ्यों की जानकारी देता है। इसके साथ ही युद्ध के मैदान में भारतीय सेना द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न हथियारों और टैंकों का अनूठा प्रदर्शन यहां देखने को मिलता है। यहां घूमने के लिए कोई भी प्रवेश शुल्क नहीं है। इसके साथ ही इस म्यूजियम में भारतीय सेना के बारे में मनोरंजक ऑडियो, वीडियो, विजुअल फ़िल्म देखकर आप अपना समय बिता सकते हैं।

क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र एक इंटरैक्टिव संग्रहालय है जो बच्चों को मौलिक वैज्ञानिक सिद्धांतों की समझ की सुविधा प्रदान करता है। संग्रहालय में विभिन्न वैज्ञानिक विषयों से संबंधित 266 से अधिक विज्ञान प्रदर्शनियां हैं। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त वैज्ञानिक संगठन, क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र विविध गतिविधियों और इंटरैक्टिव कार्यक्रमों के माध्यम से विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आगंतुक नए विज्ञान नवाचारों का पता लगा सकते हैं और 3डी विज्ञान से संबंधित फिल्मों का आनंद ले सकते हैं, जिससे यह सीखने और अन्वेषण के लिए एक आदर्श स्थान बन गया है।

**राष्ट्रीय मानव संग्रहालय :** भोपाल के श्यामला हिल्स इलाके में स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय - यह एक ऐसा संग्रहालय है, जहां आपको ढेर सारी जानकारियां मिल सकती है. मनुष्य युगों-युगों तक कैसे विकसित हुआ? यहां जाकर आपको सारे सवालों के जवाब मिल सकते हैं. संग्रहालय में प्रदर्शनी, अस्थाई प्रदर्शनी और इंडोर एक्टिविटी के अलावा संस्कृति के विकास की मनोरंजक कहानी बताता है।

**भारत भवन :** राजधानी भोपाल में भारत भवन बेहद प्रचलित है। श्यामला हिल्स इलाके में स्थित भारत भवन बेहतरीन आर्ट गैलरी आदिवासी और लोक कथा का एक संग्रहालय है। जहां शास्त्रीय और लोक संगीत की धनी गूंजती है। यहां पुस्तकालय भी है और वीकएंड पर और खास मौकों पर यहां प्रदर्शनी भी लगती है. जिसमें काफ़ी दिलचस्प पेंटिंग्स देखने को मिलती है।

**बिड़ला संग्रहालय :** जहां प्रागैतिहासिक युग से संबंधित अवशेष के बारे में जानकारी मिलती है। जिनमें सातवीं शताब्दी ईसापूर्व की पत्थर की मूर्तियां और दूसरी शताब्दी ईसापूर्व की टेराकोटा और पांडुलिपियां शामिल हैं।

**पुरातत्व संग्रहालय :** राज्य पुरातत्व संग्रहालय काफ़ी प्रचलित है. यहां दुर्लभ कलाकृतियाँ, प्रागैतिहासिक जीवाश्म, डाक टिकटों और ऑटोग्राफ यहां के मुख्य आकर्षण का केंद्र है।

मध्य प्रदेश जनजातीय संग्रहालय में जनजातीय कपड़ों, शिल्प और उपकरणों का संग्रह है और घटनाओं और प्रदर्शनों के लिए जगह प्रदान करता है। इस आदिवासी समुदाय के आकाश के भीतर के चिन्ह और प्रतीक, उनकी दुनिया का प्रतिनिधित्व करते हुए, अंतरिक्ष और समय के अनंत और असीमित आयामों के समान विशालता को दर्शाते हैं।

भोपाल संग्रहालय सबसे खास और अलग है इस संग्रहालय में भोपाल त्रासदी से संबंधित रिकॉर्ड है. यहां भोपाल त्रासदी के चित्रों को देखने को मिलता है। ये चित्र गैस त्रासदी की दर्दनाक कहानी सुनाते हैं।

भोपाल में है अनूठा टेलीफोन संग्रहालय, जो संजोए है दूरसंचार की लंबी तकनीकी यात्रा का इतिहास - टेलीकम्युनिकेशन ने टेलीकॉम के क्षेत्र में वो बदलाव किए हैं, जिन्हें हम सिर्फ सपनों में सोचते थे। आज इंटरनेट के युग में आप अपने लोगों को सजीव देख सकते हैं, आज स्क्रीन छूकर या बोलकर किसी को भी नंबर लगाया जा सकता है, लेकिन पहले हर नंबर को उंगली से घुमाकर गोल गोल घुमाना पड़ता था। यदि आप ये सब अपने बच्चों को दिखाना चाहते हैं तो आपको भोपाल आना होगा, आप अरेरा हिल्स में मौजूद दूरसंचार संग्रहालय में क्रांतिकारी बदलाव देख सकते हैं। एशिया का एकमात्र संग्रहालय, जिसमें टेलीग्राफ के जमाने से लेकर टेलीफोन तक और टेलीफोन से लेकर मोबाइल व स्मार्टफोन तक का सफर देखा जा सकता है।

संग्रहालय जन सहयोग व शासकीय संरक्षण से चलते हैं हमारा दायित्व है कि हम इनमें रखी वस्तुओं का नियमानुसार अवलोकन करें और ज्ञान की यह विरासत अगली पीढ़ी को भी जरुर दिखाएं। यह तो कुछ ही संग्रहालय हैं, इनके आलावा भी कई संग्रहालय भारतभूमि की गौरवगाथा और इतिहास अपने आप में समेटे हुए देश की पुरातन संस्कृति और इतिहास की ध्वजा फहरा रहे हैं।

# रविवारीय गपशप: जब लोकायुक्त जीपी सिंह के आदर्श वाक्य को पूर्व सीएस विजय सिंह ने कैसे किया चरितार्थ



आनंद शर्मा

मध्यप्रदेश के पहले लोकायुक्त और भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश जी.पी. सिंह कहा करते थे नियम कानून इसलिए बने हैं कि गलत काम न हो , इसलिए नहीं कि सही काम रुक जाये । शासकीय सेवा के प्रारंभ में ही मेरा इस सिद्धांत से परिचय हो गया जो ताजिंदगी क़ायम रहा आया ।

पुरानी बात है तब मैं नरसिंहपुर में डिप्टी कलेक्टर हुआ करता था और हमारे कलेक्टर थे, ए.के. मंडलेकर । कलेक्टर का कोर्ट मेरे दफ्तर के बगल में ही था और उनके रीडर दुबे कभी कभी चाय अवकाश में मेरा साथ दे दिया करते थे । एक दिन वे बोले सर आपको बन्दूक का लायसेंस ले लेना चाहिए । मुझे लगा बात सही है तो मैंने सादा कागज पर आवेदन बनाया और कलेक्टर के सामने रख दिया । मंडलेकर साहब ने पढ़ा और कोने में लिखा इश्यू मैंने पूछा सर इसमें तो कुछ जाँच आदि करनी पड़ती है , वे बोले तुम मेरे एस.डी.एम. हो तुम्हारे चरित्र सत्यापन की क्या जरूरत है ? जो मैं जानता हूँ , उसे मुझे दूसरे से पूछने की जरूरत नहीं है । कुछ महीनों बाद मुझे गोटेगांव सब डिवीजन के एस.डी.एम. का प्रभार भी दे दिया गया । एक दिन मैं कोर्ट रूम में अपनी आसंदी पर बैठा मुकदमों की सुनवाई कर रहा था , तभी दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 के तहत एक भूमि के कब्जे के विवाद का मामला सुनवाई के लिए समक्ष आया । एक पक्षकार ने आवेदन दिया कि भूमि पर यथास्थिति के आदेश के बाद भी फ़सल बो ली गई है , इसलिए मुकदमे के फ़ैसला होने तक फ़सल कटवा कर सुरक्षित रखी जावे । सामने वाले पक्षकार के वकील साहब ने कहा कि ये झूठ बोल रहे हैं , इनके आवेदन की जाँच करा ली जावे और जवाब के लिए उन्हें समय दिया जावे । मैं विचार कर ही रहा था कि वकील साहब के मुंशी ने एक कागज़ की पर्ची मेरे मेरे हाथ में दे दी । मैंने पर्ची खोली तो उसमें संदेश था कि मुकदमे की सुनवाई के लिए एक हफ़्ते की मोहलत दे दें , और नीचे भूतपूर्व सांसद का हस्ताक्षर युक्त नाम लिखा था । मैंने पर्ची फाड़ कर डस्टबिन में डाली और आदेश में लिखा कि मुझे ऐतबार हो गया है कि यथास्थिति के बावजूद मौके पर फसल बो ली गई है। अतः न्यायालय के संरक्षण में फसल कटाई का आदेश दिया जाता है ।

एक और घटना है , तब मैं परिवहन विभाग में उपायुक्त था और हमारे कमिश्नर थे श्री एन.के. त्रिपाठी । एक दिन दोपहर को उन्होंने मुझे अपने कक्ष में बुलाया और एक फाइल दे कर कहा कि ये इंदौर में ड्राइवर्स ट्रेनिंग स्कूल का प्रस्ताव है , इसे लेकर दिल्ली स्थित भारत सरकार के परिवहन मंत्रालय में दे आओ । मैं कुछ असहज हुआ , त्रिपाठी साहब ने मेरी हिचकिचाहट को भांपा और मुस्कुरा कर बोले चिंता मत करो परिवहन में सचिव श्री विजय सिंह साहब हैं , उनसे बात हो गयी है , बस तुम चले जाओ । दूसरे दिन सुबह मैं परिवहन विभाग में पहुँच कर डायरेक्टर साहब से मिला तो उन्होंने मुझे अंडर सेक्रेटरी के पास भेज दिया । अंडर सेक्रेटरी साहब को मैंने प्रस्ताव दिया तो उन्होंने उसमे खामियां ढूंढनी चालू कर दीं । थोड़ी देर बाद हम दोनों ही डायरेक्टर साहब के पास गए , अंडर सेक्रेटरी ने उन्हें कमियों के बारे में बताया और फिर हम सब संयुक्त सचिव के पास पहुँचे जो एक सीनियर आय.ए.एस. आफिसर थे । डायरेक्टर साहब ने स्थिति बतायी और पूछा सर इन्हे कमी दूर कराने के लिए वापस भेज दें ? संयुक्त सचिव को जैसे कुछ भान सा था बोले नहीं पहले सेक्रेटरी सर से बात कर लेते हैं , और फिर हम तीनों हमारे पूर्व मुख्य सचिव श्रविजय सिंह के कमरे में पहुँचे । मैंने अपना परिचय दिया तो उन्होंने पूछा ले आये प्रस्ताव ? मैंने थोड़ा संकोच से कहा जी ले तो आया था पर ये कह रहे हैं कि इसमें कुछ कमी है । उनकी भवें तनीं , बोले कमी ? व्हाट कमी ? किसने कहा ÷ मैंने डायरेक्टर साहब कि तरफ देखा तो उन्होंने झट ऊँगली अंडर सेक्रेटरी कि तरफ घुमाई कि सर इन्होने एक्जामिन किया है , विजय सिंह बोले आप लोग यही करते रहते हो,राज्यों से प्रस्ताव आते हैं , आप खामियां ढूंढते हो और फिर वापस कर देते हो , सारा फंड ऐसे ही लेप्स हो जाता है , कितना पैसा है आपके पास इस मद में अभी ? डायेक्टर साहब बोले अभी तो एक करोड़ होगा , विजय सिंह साहब बोले प्रोजेक्ट सेंक्शन किया जाता है अभी एक करोड़ रिलीज करो , बाकी फण्ड प्रोग्रेस रिपोर्ट आने के बाद दे देना और ये मामूली खामियां हैं , जो बाद में भी ठीक करा सकते हो , ठीक है सब एक स्वर में बोले , ठीक है सर । अब विजय सिंह ने मेरी ओर देखा और कहा आज संक्शन लेटर ले के जाना और सोमवार को आ कर जो कमिया बता रहे हैं उनकी पूर्ति कर जाना , ठीक है ? मैंने कहा ठीक है सर । उस दिन मैंने अनुभव किया कि जी.पी सिंह के आदर्श वाक्य को विजय सिंह जी ने कैसे चरितार्थ किया था ।

# आतंकवादियों की फैक्ट्री चलाने वाले पाकिस्तान को भारत ने दिया जवाब , तीसरे देश की मध्यस्तता को नकारा

डॉ. राघवेंद्र शर्मा

ऑपरेशन सिंदूर ने और उसे अंजाम देने वाली भारतीय सेना ने देश के प्रत्येक नागरिक का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। वहीं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इस कार्रवाई को एक ऐसे मुकाम तक पहुंचा दिया है, जिसके परिणाम स्वरूप भविष्य में पाकिस्तान और वहां बैठे आतंकी भारत पर हमला करना तो दूर उसकी ओर आंख उठा कर देखने का दुस्साहस भी ना कर सकेंगे। प्रधानमंत्री की मंशा अनुरूप हमारी सेना के जांबाज सिपाहियों ने भी पाकिस्तान की नापाक हरकतों का मुंह तोड़ जवाब दे कर यह जता दिया कि पहले हम किसी को छेड़ते नहीं, और यदि कोई हमें छेड़े तो फिर उसे हम छोड़ते नहीं। हालांकि भारत सरकार ने शत्रु देश का काफी नुकसान करने के बावजूद अपनी सैन्य कार्रवाई को औपचारिक रूप से युद्ध का नाम नहीं दिया। किंतु जिस प्रकार से हमारी सीमाओं के आसपास पड़ोसी देश के ड्रोन देखे गए, मिसाइलें गिराने की असफल कोशिशें हुईं। जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के सैन्य संसाधनों को हवा में ही नष्ट किया और शत्रु देश के अनेक एयरबेस उड़ाने में सफल रही। पाकिस्तान में संचालित आतंकियों के अनेक प्रशिक्षण केंद्रों को ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई में 100 से अधिक ऐसे आतंकवादी मारे गए, जो भारत सहित दुनिया की अनेक आतंकवादी घटनाओं में शामिल थे या फिर अनगिनतआतंकवादी घटनाओं के रणनीतिकार रहे। भारत की जवाबी कार्रवाई में अनेक ऐसे लोग भी मारे गए जो पाकिस्तान सरकार और वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर वहां आतंकवाद की फैक्ट्री चला रहे थे। उपरोक्त स्थानों पर आतंकवादियों को प्रशिक्षित कर उन्हें दुनिया भर में शांति भंग करने के लिए निर्यात कर रहे थे। इसी से भयाक्रांत होकर पाकिस्तानी हुक्मरान अमेरिकी दरबार में ढोक लगाने को मजबूर हुए। यही वजह रही कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों के बीच स्वस्फूर्त मध्यस्थता करने के लिए प्रयासरत दिखाई दिए। हालांकि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और तीनों सेनाओं के भारतीय प्रमुखों ने प्रेस वार्ताओं के माध्यम से तत्काल यह स्पष्ट कर दिया कि यह विशुद्ध दो देशों के बीच का मामला है, इसमें भारत को किसी तीसरे देश की मध्यस्थता कतई स्वीकार नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी भली भांति जानते हैं कि भारत पाकिस्तान की अकल ठिकाने लगाने के मूड में है और वह इस मामले में किसी भी तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। यही वजह रही की ट्रंप केवल दावा करते दिखाई दिए कि भारत पाकिस्तान सीज फायर के लिए तैयार हो गए हैं।

यह बात भी अब स्पष्ट हो चुकी है कि पाकिस्तान के शीर्ष सेना अधिकारी और वहां के हुक्मरान भारत से सीज फायर की गुहार लगा चुके हैं। इसे भारत का बड़प्पन ही कहा जाएगा कि उसने पाकिस्तान की गिड़गिड़ाहट को नजरअंदाज नहीं किया। फल स्वरुप कुछ देर के लिए दुनिया ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीज फायर की स्थिति भी देखी। लेकिन हमारी सरकार और सेना ने इस बीच एहतियाती इंतजाम ढीले नहीं किये और पाकिस्तान की ओर से होने वाली हरकतों पर नजर बनाए रखी। जैसी कि पुख्ता धारणा है, पाकिस्तान अस्तित्व में आने के बाद से ही भरोसेमंद देश नहीं रहा है। इस बार भी उसने गैर भरोसेमंद काम ही किया। एक ओर वह अमेरिका को माध्यम बनाकर भारत सरकार की बारगाह में सैन्य कार्यवाही रोकने की गुहार लगाता रहा, तो दूसरी ओर उसने भारतीय सीमा के भीतर एक बार फिर सशस्त्र ड्रोन भेजने की हिमाकत कर डाली। अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि शांति की गुहार लगाकर भारतीय सीमाओं में ड्रोन भेजने की स्थिति पाकिस्तानी सेना और वहां की चुनी हुई सरकार के बीच उठा पटक मचने के चलते बनी होगी। क्योंकि पाकिस्तान का इतिहास रहा है, वहां के हुक्मरान आवाम की चिंता किए बगैर खुद की सलामती सुनिश्चित करने और अपना राजनीतिक उल्लू साधने में संलग्न बने रहते हैं। जबकि पाकिस्तान की सेना हमेशा इस ताक में बनी रहती है कि कब सरकार गलती करे और कब उसका तख्ता पलट कर पाकिस्तान में सैन्य शासन स्थापित किया जाए। खैर, यह उनका अंदरूनी मामला है। हमारा काम तो केवल इतना सा है कि हमारी सेना ने उन सभी ड्रोन को या तो हवा में ही नष्ट कर दिया या फिर उन्हें निष्क्रिय करके वापस पाकिस्तान की ओर भागने को मजबूर किया। यानि एक बार फिर सिद्ध हुआ कि पाकिस्तान कहता कुछ और है, करना कुछ और चाहता है। इससे भी ज्यादा हास्यास्पद बात यह है कि उसकी अपेक्षाओं से विपरीत जाकर हो कुछ और ही जाता है। जहां तक भारत से मुकाबले की बात है तो इस मामले में पाकिस्तान ने हमेशा मुंह की ही खाई है। यदि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहे नए भारत की बात की जाए तो इसी कालखंड में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से पाकिस्तान की अकल ठिकाने लगाई जा चुकी है।

# धर्म से नहीं घटनाओं से जुड़ता है आतंकवाद

सरयूसुत मिश्रा

सैद्धांतिक रूप से निर्विवाद रूप से यह कहा जा सकता है कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता. आतंकवाद में धर्म तब घुसता है, जब आतंकवादी घटनाएं उससे जुड़ती हैं.. !!

पहलगाम में धर्म पूछकर गोली मारने की नृशंसता और आतंकवादियों द्वारा अपने धर्म के अनुयायियों को छोड़ना आतंकवाद को धर्म से जोड़ता है. आतंकी घटनाएं भी पूरे धर्म को रिप्रेजेंट नहीं करतीं, लेकिन विश्व की अधिकांश घटनाओं में जब एक ही धर्म जुड़ता है, तो फिर आतंक को धर्म से जोड़ने के लिए आतंकवादी ही जिम्मेदार होंगे.

पूरी दुनिया में जितनी भी वीभत्स आतंकवादी घटनाएं हुई हैं, उनमें इस्लाम धर्म के कट्टर और बिगड़े हुए लोग शामिल पाए जाते हैं. घटना चाहे भारत में, अमेरिका में, ब्रिटेन में या और किसी दूसरे देश में हुई हो सब घटनाओं में जो भी आतंकी शामिल पाए जाते हैं, वह सब अपने को इस्लाम का प्रवर्तक बताते हैं. आतंक के अपने वार को इस्लाम के लिए बताते हैं. इसका मतलब है कि इस्लाम को बदनाम नॉनबिलीवर नहीं कर रहे हैं, बल्कि इस्लाम के बिलीबर ही इस पवित्र धर्म की छवि को खराब कर रहे हैं.

इस्लामिक देशों में पाकिस्तान तो ऐसा देश है, जो टेरर की यूनिवर्सिटी मानी जाती है. टेररिज्म उनका राष्ट्रीय ध्येय कहा जा सकता है. आर्मी और टेररिस्ट का भाईचारा पाकिस्तान में ही देखा जा सकता है. पाकिस्तान इस्लामिक राष्ट्र है. वहां रहने वाले अधिकांश इस्लाम धर्म को मानते हैं. कई बार इस्लाम धर्म के बुद्धिजीवी और धर्मगुरु यह कहते हैं कि इस्लाम में जिहाद जैसा कोई सोच नहीं है. इसके बावजूद पाकिस्तान जैसा देश जिहाद को अपना राष्ट्रीय लक्ष्य मानता है. आतंकवादी जैसे ही पाकिस्तान से जुड़ते हैं वैसे ही इस्लाम से जुड़ जाते हैं.

भारत आतंकवादी घटनाओं का भुक्तभोगी रहा है. मुंबई टेरर अटैक में सैकड़ो लोग मारे गए. भारत की पार्लियामेंट पर भी टेरर अटैक हो चुका है. जम्मू-कश्मीर मेंतो टेररिज्म ने इतना नुकसान किया है कि भारत के स्वर्ग को नर्क बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ी गई. आतंकवाद और धर्म की बात होने पर इस्लाम जुड़ता जरूर है, लेकिन यह भारत के लिए नहीं है. भारत के इस्लाम के अनुयाई आतंकवाद से नहीं जुड़ते हैं.

वैसे तो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से पूरी दुनिया हलाकान है, लेकिन अब तो ऐसा लगने लगा है कि इससे इस्लाम भी हलाकान हो चुका है.

हर धर्म में अच्छे-बुरे लोग होते हैं. अगर दुनिया पर नजर डाली जाए तो जो भी आतंकवादी संगठन दुनिया में दिखाई पड़ते हैं, उनके नाम इस्लाम से जुड़ते हैं, जैशे -मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा, हिज्बुल-मुजाहिदीन, हमास, हूती, हिज्बुल्लाह, सब इस्लाम से जुड़ते हैं. आईएसआईएस भी इसी धर्म का प्रतिनिधित्व करता है. यह तो बड़े आतंकवादी संगठन हैं, जो छोटे-मोटे संगठन भी दिखाई पड़ेंगे वह सभी इस्लाम के लिए संघर्ष की बात करते हैं. जिहाद की बात करते हैं.



पिछले एक दशक से तो भारत में आतंकवादी घटनाएं कम हुई थीं. उसके पहले तो हर जगह, हर समय आतंकवादी घटनाओं का भय समाया रहता था. पहलगाम घटना ने आतंकवाद की सारी हदें पार कर दी हैं. भारत ने पाकिस्तान से इसका बदला तो ऐसा लिया है जो पाकिस्तान के लिए लंबा सबक होगा. पाकिस्तान की कारस्तानियों के कारण इस्लाम बदनाम होता है.

जितने मुसलमान पाकिस्तान में रहते हैं, कमोबेश उतने ही मुसलमान भारत में भी रहते हैं. भारतीय राजनीति में मुसलमानों का निर्णायक योगदान रहा है. राजनीति में वोट बैंक के कारण हमेशा हिंदू-मुस्लिम तुष्टिकरण, ध्रुवीकरण के प्रयास चलते रहते हैं. जब भी भारत पर आतंकवादी हमले हुए, तब उनसे पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी ही जुड़े. इसीलिए आतंकवादियों को पाकिस्तान के इस्लाम धर्म से जोड़कर देखा जाने लगा. भारत में इस्लाम अपनाने वाले अपने दीन और ईमान के लिए समर्पित रहते हैं . लेकिन फिर भी पाकिस्तान की गतिविधियों के कारण उन पर भी कुछ छींटाकशी होती है. ऐसी छींटाकशी को रोकने के बौद्धिक स्तर पर निरंतर प्रयास किए जाते हैं. लेकिन फिर भी दोनों धर्म के बुरे लोग कई बार अपने लक्ष्य में सफल हो जाते हैं.

भारत में हिंदू-मुस्लिम की राजनीति के दौर में आजकल तेजी आ गई है. इसका कारण यह है, कि एक दशक पहले राजनीति में कांग्रेस हावी हुआ करती थी. कांग्रेस को मुस्लिम समर्थक पार्टी के रूप में माना जाता है. राजनीतिक धुरी बदली और हिंदुत्व की राजनीति करने वाली बीजेपी राष्ट्रीय सत्ता पर काबिज़ होने में कामयाब हुई. यद्यपि बीजेपी अपने काम-काज में बिना भेदभाव के सामानता के साथ मुसलमान को भी सभी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, लेकिन दूसरे राजनीतिक दल बीजेपी को मुस्लिम विरोधी साबित करने के लिए ऐसे प्रयास करते हैं, जिसके कारण आतंकवाद भी धर्म से जुड़ जाता है.

भारत में कांग्रेस की सरकारों के दौर में हिंदू आतंकवाद वर्ड भी क्वाइन किया गया था. इस शब्द को इसीलिए क्वाइन किया गया था. क्योंकि हर आतंकवादी घटना से इस्लाम के अनुयाई आतंकवादी जुड़ते थे. ऐसा इसलिए क्योंकि हर आतंकवादी घटना के पीछे पाकिस्तान का हाथ होता था. इसलिए इस्लाम जुड़ता था, लेकिन राजनीति के कारण भारतीय मुसलमान को भी इसके लिए इंगित किया जाता था, जो केवल राजनीति होती है.

पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के लिए भारत के इस्लाम को आतंकवाद से जोड़ना सर्वथा अनुचित है. अपराध कोई भी हो चाहे वह आतंकवाद का हो या हत्या का हो उसका कोई धर्म नहीं हो सकता. अपराध निजी है और उसका दंड भी निजी ही भुगतना पड़ता है. जब पाकिस्तान जैसे देश आतंकवाद को अपना राष्ट्रीय उद्देश्य बना लेते हैं, तो फिर इस्लाम की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ता है.

दुनिया के इस्लाम के अनुयायियों को अपने धर्म की रक्षा के लिए आगे आने का वक्त आ गया है. प्रगतिशील मुसलमानों को धर्म के नाम पर बर्बरता और आतंकवाद के खिलाफ़ खुलकर आवाज उठानी पड़ेगी, क्योंकि इस्लाम धर्म एक है, इसलिए उस धर्म से जुड़ा कोई भी चेहरा अगर आतंकवाद फैलाएगा तो फिर धर्म तो उसमें आ ही जाएगा.

धर्म के नाम पर अगर आतंकवाद जुड़ता है, तो धर्म के नाम पर ही इसे समाप्त किया जा सकता है. धर्म किसी एक का नहीं है. किसी गलत काम से कोई भी अगर धर्म को बदनाम कर रहा है तो उस पर नकेल धर्म के अन्य लोग लगा सकते हैं. अवाम ऐसी व्यवस्था को समाप्त कर सकती है. पाकिस्तान जैसे मुल्क के कारण इस्लाम की खूबियां पीछे चली जाती हैं. हर धर्म की खूबसूरती सामने आना चाहिए.

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# शिक्षक के मार्गदर्शन और पालक के सहयोग से विद्यार्थी ने एमलीएम कुल का बढ़ाया सम्मान



**सांध्य प्रकाश सारनी।** एम जी एम हायर सेकेंडरी स्कूल बागडोना में 10 वीं 12 वीं का सीबीएसई का परीक्षा परिणाम घोषित होने पर विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाकर स्कूल का नाम रोशन किया। एम जी एम हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक फादर कुरियन जॉन ( प्रिंसिपल ) ने बताया। कि समर तुरिया ने कक्षा दसवीं में 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। भावना साहू ने 90.8 अंक प्राप्त कर दूसरा एवं वंशिका पवार में 90.02 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 वीं में सुमित राठौर ने 85.2त्न अंक लेकर प्रथम एवं स्नेहा गुप्ता ने 84.24त्न अंक के साथ दूसरा तथा दिया शर्मा ने 82.2 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। वाणिज्य संकाय में समीक्षा शर्मा ने 81.2 अंक प्राप्त कर प्रथम एवं भावना मोहबे ने 76.4 अंक के साथ दूसरा एवं जानवी गुप्ता ने 71.26 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान प्राप्त किया। स्कूल संचालक फादर कुरियन जॉन ने बताया। कि उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम छात्रों की लगन शिक्षकों का मार्ग दर्शन एवं पालको के सहयोग से ही संभव हो पाया है। विद्यार्थियों ने स्कूल का मान बढ़ाया है । बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर स्कूल के प्राचार्य ने शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

# सरकार ऐसी व्यवस्था बनाए कि किसान नरवाई जलाने की जगह कम खर्चीला प्रबंधन कर सकें : अजय खरे

## अन्नदाता किसान को जेल और जुर्माना होना अंग्रेज़ों के राज की तरह क्रूर



**रीवा ।** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा है कि जबसे खेतों में फसल काटने का काम हंसिया की जगह हार्वेस्टर ने ले लिया तबसे नरवाई समस्या और विकराल हो गई । किसान खरीफ फसल लेने के लिए खेत को कैसे तैयार करे यह चुनौती बनी हुई है। बहुत से किसानों के लिए नरवाई जलाना मजबूरी बन गई है। खरे ने कहा कि वैसे नरवाई जलाने से वातावरण प्रदूषित होने के साथ आग फैलने का खतरा भी रहता है। यह देखने को मिलता है कि वैकल्पिक व्यवस्था के अभाव में कई किसान? नरवाई जला रहे हैं। सक्षम किसान खेत में फसल के अवशेषों को नहीं जलाते और वह जुताई कर इन्हें खेत में ही मिलाना पसंद करते हैं। कई किसान फसलों के अवशेष भूसे को जलाकर इसका प्रबंधन करते हैं ताकि अगली फसल की जुताई और बुआई में कोई बाधा न आये। नरवाई जलाकर उसका प्रबंधन करना उनके लिए सबसे सस्ता उपाय है। खेत में भूसा रहने की स्थिति में जुताई कर उसे मिट्टी में मिलाना एक कठिनाई भरा महंगा कार्य है। ऐसी स्थिति में किसान भूसे को जुताई कर मिट्टी में मिलाने से बचना चाहते हैं और नरवाई जलाने का सहारा लेते हैं।

खरे ने कहा कि मध्यप्रदेश का किसान खरीफ की प्रमुख फसल की बुआई प्रथम वर्षा के तुरंत बाद करना चाहता है ताकि उसे फसल उत्पादन अच्छा मिले। इसके लिये वह गर्मी में ही अपने खेत तैयार करना चाहता है। लेकिन खेत में गेहूं के अधिक अवशेष होने पर यह सम्भव नहीं हो पाता। इसके लिए वह सबसे सरल उपाय नरवाई जलाने का सहारा लेता है। यह स्थिति उन क्षेत्रों में अधिक रहती है, जहां मिट्टी अधिक चिकनी रहती है। इस प्रकार की भूमि में जल भराव तथा भूमि के ठोसपन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसके कारण किसान नरवाई जलाने को एकमात्र विकल्प मानता है। रीवा जिले में गेहूं की अधिक उपज लेने वाले क्षेत्रों एवं खेतों में नरवाई जलाने की समस्या अपने किस्म से बनी हुई है। प्रशासन को किसानों की समस्या जानना चाहिए और अपनी निगरानी में नरवाई समस्या से निजात दिलवाना चाहिए।

लोकतंत्र सेनानी श्री खरे ने कहा कि नरवाई जलाने वाले किसानों को आर्थिक रूप से दंडित करना और जेल भेजना समस्या का समाधान नहीं है।अन्नदाता किसान को जेल और जुर्माना होना अंग्रेज़ों की व्यवस्था की तरह क्रूर बात मानी जाएगी। किसानों की समस्यायों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी सोच बदलनी होगी। इसके लिये यह जरूरी है कि नरवाई जलाने के लिये मजबूर किसानों की समस्या का अध्ययन और निराकरण के उपाय किए जायें। नरवाई अवशेषों को भूमि में मिलाने या काटने के लिये सस्ते नये यंत्रों तथा नई तकनीक को भी विकसित किया जाए जो किसान के लिए बोझ नहीं बने। उन किसानों को जो भूसे का प्रबंधन सफलतापूर्वक कर रहे हैं उनके द्वारा अपनाई जा रही विधि अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक हो सकती है।

# एमपी हाईकोर्ट में आंबेडकर मूर्ति विवाद, वकीलों और भीम आर्मी के बीच जमकर मारपीट



**ग्वालियर।** हाईकोर्ट में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाने के मामले में वकीलों के 2 गुटों के बाद अब भीम आर्मी की एंट्रो हो गई है। शनिवार को सोशल मीडिया पर वकीलों और भीम आर्मी के पदाधिकारियों के बीच तीखी टिप्पणियों और देख लेने की धमकियों का सिलसिला चला। इसके बाद शाम होते-होते दोनों गुट कोर्ट परिसर के बाहर जमा हो गए और फिर मारपीट के साथ जबरदस्त हंगामा हुआ।

शनिवार को सोशल मीडिया पर चली बयानबाजी में वकीलों ने चेतावनी दी थी कि ये कोई गली मोहल्ला नहीं है कोर्ट है यहां के दिखाए भीम आर्मी। इसके बाद भीम आर्मी नेता रूपेश केन अपनी टीम के साथ हाईकोर्ट परिसर के बाहर पहुंचे। वकीलों ने उनकी उपस्थिति को लेकर पहले ही नाराजगी जाहिर की थी। जैसे ही शाम पांच बजे कोर्ट से वकील निकले, दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते माहौल हिंसक हो गया। तनाव को देखते हुए पुलिस बल पहले से ही तैनात था, लेकिन फिर भी पुलिस झड़प को नहीं रोक सकी। वकीलों ने पुलिस की मौजूदगी में ही भीम आर्मी से जुड़े नेता रूपेश केन को घेरकर मारपीट शुरू कर दी। दरअसल जय भीम के नारों के साथ जैसे ही भीम आर्मी ने कदम बढ़ाया, वकीलों की भीड़ ने जवाब में हमला कर दिया।

विवाद बढ़ता देख थाना प्रभारी इला टंडन, दीप्ती तोमर, अजय पवार सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात को नियंत्रण में लिया। भीम आर्मी कार्यकर्ताओं को हटाकर सड़क खाली करवाई गई। झड़प के दौरान रूपेश केन जमीन पर गिर गए, जिन्हें पुलिस ने परीक्षण के लिए अस्पताल पहुंचाया।

# भारतीय सेना के शौर्य और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में 51 फीट तिरंगे के साथ निकाली यात्रा



**दमोह।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पश्चात भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पीओके में ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला कर उन्हें तहस नहस कर दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर की इस सफलता सेना के सम्मान में भारतीय सुरक्षा के लिए नागरिक मंच द्वारा जिला मुख्यालय की आशीर्वाद गार्डन से तिरंगा यात्रा निकली गई जो शहर के घंटाघर एवरेस्ट लाज, बस स्टैंड, बैंक चौराहा, अस्पताल चौराहा से होते हुए एमएलबी स्कूल में समाप्त हुई तिरंगा यात्रा में विभिन्न समाजों की प्रतिनिधि महाविद्यालय एवं विद्यालय छात्र एवं विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। तिरंगा यात्रा में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी लखन पटेल दमोह विधायक जयंत मलैया सांसद राहुल लोधी विधायक उमा देवी खटीक भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति गीतों पर गुनगुनाते और नाचते हुए तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए। तिरंगा यात्रा में नारी शक्ति द्वारा 51 फीट तिरंगे को लेकर चलती रही और पूरी यात्रा के दौरान सभी भारत माता की जय कारों के साथ नारे लगाते रहे यात्रा के दौरान शहर का माहौल पूर्णतया तिरंगे के सम्मान, सेना के शौर्य की गाथा को नमन करते हुए कदम से कदम मिलाकर चलते रहे। तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया और सेना के शौर्य को नमन किया

# एमपी के उज्जैन को मिला विकास का मेगा प्लान 23,332 करोड़ की परियोजनाएं होंगी शुरू



**उज्जैन।** मध्यप्रदेश की पवित्र धार्मिक नगरी उज्जैन को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक बड़ी सौगात दी है। सिंहस्थ 2028 के आयोजन से पहले शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से दो एलिवेटेड कॉरिडोर (उन्नत पुल मार्ग) बनाए जाएंगे। यह निर्णय शहर में लगातार बढ़ रहे यातायात दबाव को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इन पुलों के निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को सौंपी गई है।

पहला एलिवेटेड ब्रिज मकोड़िया आम चौराहे से शुरू होकर देवासगेट और रेलवे स्टेशन को पार करते हुए हरिफाटक ब्रिज तक पहुंचेगा। दूसरा कॉरिडोर निकास चौराहे से शुरू होकर दौलतगंज होते हुए इंदौर गेट तक जाएगा। लोक निर्माण विभाग इन परियोजनाओं के लिए जल्द ही फिजिकल सर्वे के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगा। यह दोनों कॉरिडोर सिंहस्थ 2028 से पहले तैयार कर लिए जाएंगे। विकास की रफ्तार होगी और तेज, चार चरणों में तैयार हो रहा मास्टर प्लान, इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया का हुआ विस?तार

### सिंहस्थ 2028 के लिए व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर विकास

सरकार ने सिंहस्थ महाकुंभ को सफल बनाने के लिए अब तक 23,332 करोड़ रुपये की लागत से 153 विकास कार्यों को मंजूरी दे दी है। इसमें श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु प्रमुख सड़कों का निर्माण भी शामिल है, जैसे - उज्जैन-मक्सी मार्ग, सिंहस्थ बायपास, इंगोरिया-उन्हेल मार्ग और इंदौर-उज्जैन वैकल्पिक मार्ग।

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा रहेगी प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए सिंहस्थ मेले के दौरान आर्मी की तैनाती की भी घोषणा की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उज्जैन के प्रमुख देवस्थानों को 'देवलोक' के रूप में विकसित करने की कार्य योजना जल्द तैयार की जाए।

### उज्जैन बनेगा मेडिकल टूरिज्म का नया केंद्र

उज्जैन को सिर्फ धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि हेल्थ व वेलनेस हब के रूप में भी विकसित करने की योजना पर काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि योगा, वेलनेस, नेचुरोपैथी, एलोपैथी और आयुर्वेद के केन्द्रों के साथ-साथ मेडिकल डिवाइस उद्योग, फार्मा कंपनियों और रिसर्च संस्थानों को जोड़कर एक एकीकृत योजना तैयार की जाए। इस प्रयास से उज्जैन को मेडिकल टूरिज्म के एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभारा जाएगा।

# अजब एमपी के टेकेदारों की गजब सोच हैंडपंप बीच में छोड़ बना डाली सड़क



**रीवा।** विकासशील भारत में जब करोड़ों की लागत से सड़कें बनाई जाती हैं, तो आम नागरिकों को यह अपेक्षा होती है कि वे न केवल सुरक्षित बल्कि उपयोगी भी हों। लेकिन मध्यप्रदेश के सतना जिले के मैहर में विकास शब्द एक व्यंग्य बन गया है। यहां रामनगर से गोविंदगढ़ के बीच बनाई जा रही डबल लेन सड़क के निर्माण में एक हैंडपंप को हटाना तक जरूरी नहीं समझा गया और उसी पर डामर की सड़क बिछा दी गई। वहीं विवाद बढ़ता और किरकिरी होते देख बाद में इसे हटाया गया।

पूरा मामला रामनगर के अंतर्गत जिगना भैसरहा मार्ग का है, जहां की निगरानी में शिव शक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा 168 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण किया जा रहा है। यह सड़क पहले सिंगल लेन थी जिसे अब डबल लेन में बदला जा रहा है। लेकिन भैसरहा गांव के पास एक ऐसा नजारा देखने को मिला था, जिसने इंजीनियरिंग की समझ पर ही सवाल खड़े कर दिए।

**हैंडपंप पर बना डामर का रास्ता:** इस निर्माण के दौरान एक पुराना हैंडपंप, जो गांव की एकमात्र जलस्रोत था, उसे हटाने की जहमत न उठाते हुए उसी पर डामरीकरण कर दिया गया।

**सड़क के बीचों-बीच यह लोहे का हैंडपंप खड़ा था** –जो पानी नहीं दे रहा था बल्कि वाहनों के लिए खतरा बन चुका था।2 किलोमीटर तक चलकर लाना पड़ रहा पानी गांव के लोगों ने बताया कि यह हैंडपंप ही गर्मी में पानी का सहारा था। लेकिन अब सड़क बनने के बाद इसका उपयोग नहीं किया जा सकता। मजबूरी में 2 किमी दूर जाकर पानी लाना पड़ता है। गांव में कोई दूसरा हैंडपंप, टंकी या पेयजल सुविधा नहीं है। स्थानीय महिलाओं और बुजुर्गों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है क्योंकि उन्हें अब सुबह-शाम दूर चलकर पानी लाना पड़ता है।

**कमिश्नर ने मानी गलती :** रीवा संभागीय कमिश्नर बीएस जामोद ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा्यह मामला हमारे संज्ञान में आया है। रामनगर-गोविंदगढ़ मार्ग पर निर्माण कार्य हुआ है लेकिन हैंडपंप हटाया नहीं गया, जो दुर्घटना का कारण बन सकता है।

**विवाद बढ़ने के बाद हटाया गया:**

पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर शनिवार को सड़क निर्माण कंपनी और एमपीआरडीसी के अधिकारियों ने हैंडपंप को हटवा दिया है। इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि सड़क के बीच में मौजूद हैंडपंप को लेकर कई दिनों से सुरक्षा और जल आपूर्ति को लेकर चिंता बनी हुई थी।

# एल. एन. एकेडमी खेरौद के विद्यार्थियों ने परीक्षा में बनाया रिकॉर्ड



**खैरोद।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल बोर्ड परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट घोषित हुआ ! इसमें एल.एन.एकेडमी खेरौद के विद्यार्थियों ने एक बार फिर कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत व कक्षा 10 वीं का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर स्कूल संचालक कपिल यादव, ऋषभ यादव व सह संचालक शिवकरण यादव, प्राचार्य श्रवण कुमार नर्वल, शिक्षक तूफान सिंह सुनेर इन सभी ने विद्यार्थियों के निवास पर जाकर पुष्पहार पहनाकर व मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। तथा प्राचार्य श्रवण कुमार नर्वल ने बताया कि बच्चों की मेहनत रंग लाई व परिणाम उत्कृष्ट रहा और बताया कि कक्षा 12 वीं में खुशी-प्रभुदयाल यादव 92.8त्न, सोनाक्षी-मोहन कुशवाह 91त्न, भविष्य-महेश सोलंकी 87.4, अंजलि-रमेश सिंह तंवर 87त्न, गायत्री-कृष्णपाल सिंह 86.4त्न अंक अर्जित कर स्कूल का गौरव बढ़ाया है एवं कक्षा 10 वीं में तनीशा-मुकेश कामदार 94.2त्न, जीवन-विजय राठौर 86त्न, शिखा-लाखन मोरी 84.2त्न, निशा-अर्जुन सिंह गोहिल 83.6त्न, अक्षय-सुरेन्द्र सिंह डोडिया 82.8त्न अंक अर्जित कर सफलता प्राप्त की है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर स्कूल सहसंचालक शिवकरण यादव ने कहा की इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए सभी स्कूल टीचर्स भी बधाई के पात्र हैं। स्कूल के सभी टॉपर्स विद्यार्थियों अपने जीवन में आगे बढ़ते रहें। यही कामना करता हूं।

# नगर पालिका आष्टा चला रही शहर में विशेष सफाई अभियान

**आष्टा।** शनिवार को नगर पालिका परिषद आष्टा ने बुधवारा और जुम्मा पूरा क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया इस दौरान बड़े नाले की सफाई के साथ-साथ अतिक्रमण भी हटाया। दरअसल आष्टा क्षेत्र के बुधवारा में सड़क पर जलभराव की समस्या वर्षों पुरानी है यहां पर हर बारिश में दुकानदारों के साथ-साथ आम लोगों को भी परेशानी उठाना पड़ती है पिछले दिनों ही चार-पांच दिन की बारिश में यहां पर लोगों को परेशानी उठाना पड़ी थी शनिवार को भी नाली चौक होने से सड़क का गंदा पानी सड़क पर बह निकला जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठाना पड़ी। स्थानीय नागरिकों ने वार्ड पार्षद के साथ-साथ नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ को भी समस्या हल करने कि नागरिकों ने मांग की थी इसी को देखते हुए 2 दिन से नगर पालिका ने सफाई अभियान शुरू कराया है। बड़े नाले की सफाई के दौरान पार्षद जाहिद गुड्डू और नगर पालिका के सफाई कर्मी भी उपस्थित रहे। सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया कि नाले के निराकरण 6 से 7 दिन में कर दिया जाएगा और जल भराव से क्षेत्रीय लोगों को राहत मिलेगी। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ने भी पिछले दिनों आक्रोस जताया था और बुधवारा मार्ग के वर्षों पुराने जल भराव की समस्या उठाई थी उन्होंने नगर पालिका से बड़े नाले के अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। इस संबंध में सीएमओ राजेश सक्सेना ने कहा कि हमने पूरे शहर में विशेष सफाई अभियान शुरू कर दिया है जहां तक बुधवारा क्षेत्र में जल भराव की समस्या है उसे इस बार हल किया जा रहा है ।

# नजीराबाद ब्लाक कांग्रेस ने बयानबाज मंत्रियों के पुतले फूंके

### सेना पर आपति जनक बयान का विरोध

**बैरसिया।** देश की गौरवशाली बेटी एवं भारतीय सेना की शौर्यवान अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को केबिनेट मंत्री विजय शाह द्वारा आतंकवादियों की बहन कहकर न केवल वीरांगना का अपमान किया बल्कि सेना और समूचे राष्ट्र की नारी शक्ति का भी घोर अपमान किया हे। वही उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा द्वारा अभद्र टिप्पणी ने सेना की गरिमा को ठेस पहुंचाई हे।इस शर्मनाक और निंदनीय टिप्पड़ीयो से आक्रोशित हो कर 17 मई को नजीराबाद ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नजीराबाद ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलेंद्र सिंह सोलंकी लाला बना के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के उप मुख्य मंत्री जगदीश देवडा एवं केबिनेट मंत्री विजय शाह का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।साथ ही नारे बाजी करते हुए भारत की बेटियों का अपमान अब नहीं सहेगा हिंदुस्तान।

नजीराबाद ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलेंद्र सिंह सोलंकी लाला बना ने कहा कि प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा एवं केबिनेट मंत्री विजय शाह ने अभद्र टिप्पणी कर देश को शर्मसार किया हे।ऐसे मंत्रियों का अभी तक निष्कासन न होना बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण हे।हम इसकी घोर निंदा करते हे।इससे भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की मानसिकता का पता चलता हे।उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की हे कि मध्य प्रदेश सरकार के उप मुख्य मंत्री जगदीश देवडा एवं केबिनेट मंत्री विजय शाह को तत्काल मंत्री मंडल से बर्खास्त कर देश द्रोह का मुकद्दमा दर्ज किया जाए।

उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा एवं केबिनेट मंत्री विजय शाह को निलंबित नहीं किया गया तो प्रदेश कांग्रेस कमेटी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।



# 9 डीएसपी के तबादले, अनिल राय रतलाम से खंडवा पदस्थ

भोपाल। राज्य शासन ने 9 डीएसपी के तबादले आदेश जारी किए। ष्ठस्क्क यातायात अनिल राय को रतलाम से हटा कल खंडवा पदस्थ किया गया है।

| स.क्र. (1) | अधिकारी का नाम (2) | वर्तमान पदस्थापना (3) | प्रस्तावित पदस्थापना (4) |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री अनिल राय, र.नि.-15 | उप पुलिस अधीक्षक यातायात, रतलाम | उप पुलिस अधीक्षक, यातायात, खण्डवा |
| 2 | श्री आनंद सवरूप सोनी, र.नि.-15 | उप पुलिस अधीक्षक, यातायात, खण्डवा | उप पुलिस अधीक्षक यातायात, रतलाम |
| 3 | श्रीमती पुष्पा प्रजापत, डीडी-17 | अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) खाचरौद, उज्जैन | उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन जोन |
| 4 | श्रीमती आकांक्षा बेछोटे, डीडी-19 | उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन जोन | अनुविभागीय अधिकारी(पुलिस) खाचरौद, उज्जैन |
| 5 | श्री अखिलेश पुरी गोसवामी, निरी-23 | कार्यावाहक, अनुविभागीय अधीकारी (पुलिस) सेवढ़ा, दतिया | कार्यवाहक, उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक चंबल जोन |
| 6 | श्री अजय चानना, निरी-24 | कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक एस.टी.एफ. इंदौर | कार्यवाहक अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सेवढ़ा, दतिया |
| 7 | श्री महादेव प्रसाद नागोटिया, निरी-24 | कार्यवाहक उप पु[illegible]स अधीक्षक, [illegible] सतना | कार्यवाहक, नगर पुलिस अधीक्षक गोहलपुर, जबलपुर |

# जामटी स्तिथ ग्रीन वैली कॉलोनी की शिकायत पर कलेक्टर ने कार्यवाही के दिए निर्देश




**सांध्य प्रकाशयोगेश गुप्ता बैतूल।** इन दिनों जिला मुख्यालय बैतुल में जगह जगह कालोनी विकसित हो रही है। जिसमे शासकीय अनुमति का अभाव भी रहता है। जिला कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी को की गई शिकायत पर जांच के निर्देश जारी किये गए। एस डी एम राजीव कहार मौके पर पहुंचे और आवश्यक दस्तवेज मांगे जाने पर खसरा किशतबन्दी के अलावा कुछ खास अनुमति प्रदान किये जाने के सबंध में कोई दस्तवेज नही बताये गए। जिले के जिम्मेदार अवैध कालोनाइजर प्रशासन के साथ मिलकर कर निरीक्षण के नाम पर आपस बंदर बाट कर लेने की हवा चली रही है। बल्कि सूत्रों की मानो तो प्रशासन द्वारा कालोनाइजर पर दबाव बनाकर लेनदेन किये जाने की भी चर्चा चर्चित है। जिसके कारण सिर्फ खाना पूर्ति के लिए की गई मौका निरक्षण कर सबंधित दस्तावेजो की जाँच कार्यवाही पर अब सवाल उठ रहे है। बल्कि अवैध कालोनियों को लेकर औपचारिक कार्यवाही चौक चौराहों पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

### इनका कहना है

शिकायत मिलने पर कलेक्टर सूर्यवंशी द्वारा जाँच के निर्देश दिए गए है। बताया कि भूमि स्वामी, कालोनाइजर के पास कालोनी विकसित करने की कोई अनुमति नहीं है।कालोनाइजर एक्ट के तहत कार्यवाही की जायेगी।

**राजीव कहार , एस डी एम बैतूल**

# बाजारवाद में फेक नेरेटिव सबसे बड़ा संकट: डॉ. जोशी

**रतलाम।** रतलाम प्रेस क्लब और विश्व संवाद केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को नारद जयंती के उपलक्ष्य पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कई राष्ट्रीय चैनलों में वरिष्ठ पत्रकार, लोकसभा टीवी दिल्ली के प्रधान सम्पादक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि भोपाल के विभागाध्यक्ष रहे और वर्तमान में प्रोडक्शन, सम्बद्ध अध्ययन संस्थाएं एवं रेडियो कर्मवीर डॉ. आशीष जोशी मुख्य वक्ता रहे। राष्ट्रचिंतन और समाज निर्माण में पत्रकारिता की भूमिका -नारदीय परंपरा से आज तक विषय पर मुख्य वक्ता ने धारदार तरीके विचार रखे।

आयोजन में रतलाम प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेशपुरी गोस्वामी और सचिव यश शर्मा बंटी मंचासीन रहे। अतिथियों ने मुनि श्री नारद के चित्र पर माल्यार्पण और पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान रतलाम प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष सुजीत उपाध्याय, सौरभ कोठारी, कोषाध्यक्ष नीरज शुक्ला, सह सचिव हेमंत भट्ट, कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य दिनेश दवे, किशोर जोशी, शुभ दशोत्तर, निलेश बाफना, विनोद वाधवा, धरम वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी, रमेश टांक, दिलीप पाटनी, राजेश मूणत, सुरेंद्र जैन, नरेंद्र जोशी, विजय मीणा आदि ने क्लब और रतलाम के समस्त पत्रकारों की ओर से डुपट्टा और पुष्पहार से डॉ. जोशी का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में डॉ जोशी ने कहा कि हमारी परंपरा में आदि पत्रकार देवऋषी नारद को माना जाता है क्योंकि उन्होंने हमेशा संचार और संवाद लोक कल्याण के लिए ही किया। डॉ. जोशी ने कहा कि आज के दौर में पत्रकारों को केवल नारद ही नहीं बल्कि भगवान श्री गणेश से भी प्रेरणा लेनी चाहिए। ऋषी वेद व्यास ने जैसा देखा और कहा वैसा ही भगवान श्री गणेश ने लिखा। उन्होंने कहीं भी अपने विचार, अपना हित या इच्छा को लेखनी में नहीं आने दिया।

## इसरो का 101वां उपग्रह मिशन नहीं हो सका पूरा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से इसरो ने आज सुबह 5ः59 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के पहले लॉन्च पैड से पीएसएलवी-सी61 रॉकेट लॉन्च किया, जो सफल नहीं हो पाया. PSLV रॉकेट तीसरा चरण पार नहीं कर पाया।. इसरो के चीफ वी. नारायणन ने इसकी जानकारी दी है. यह सैटेलाइट EOS-04 जैसा ही था और इसका काम धरती की तस्वीरें और जानकारी भेजना था, ताकि ज़रूरी कामों के लिए डेटा मिल सके. इसकी मदद से सीमा पर होने वाली हर गतिविधि पर नज़र रखी जाती.इसरो का EOS-09 मिशन सफल नहीं हो पाया। इस मिशन के तहत PSLV-C61 रॉकेट से श्वक्रस्-09 उपग्रह को लॉन्च किया गया था, लेकिन यह अपनी इच्छित कक्षा में नहीं पहुँच पाया। इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा कि मिशन पूरा नहीं हो सका और अब वे तकनीकी विश्लेषण करेंगे।

## एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड ने क्यू-ब्रिज लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** एमओएस यूटिलिटी लिमिटेड एक अग्रणी फिनटेक कंपनी, ने क्यू-ब्रिज नामक एक अत्याधुनिक, समावेशी और व्यापक फिनटेक समाधान लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य सभी भारतीयों—विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों—के लिए वित्तीय सेवाओं को सरल और एकीकृत बनाना है क्यू-ब्रिज एक ऐसा प्लेटफ़ॉर्म है जो विभिन्न वित्तीय सेवाओं को एक छत के नीचे एकीकृत करता है। इस नाम का अर्थ हीहैः क्यूआर, बैंकिंग, रेमिटेंस, इन्क्लूसिव ट्रेवल सर्विसेस, डिजिटल फाइनेंशियल सर्विसेस, गेटवे पीजी और पीओएस इकोसिस्टम—ये सभी एक सशक्त, सुगम और मापनीय समाधान प्रदान करने के स्तंभ हैं। क्यू-ब्रिज को उपभोक्ताओं, व्यापारियों, वित्तीय संस्थानों और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्मज

## रिखव सिक्योरिटीज़ ने FY25 में कमाए 24 करोड़, मुनाफे की छलांग!

**मुंबई, एजेंसी।** रिखव सिक्योरिटीज लिमिटेड जो कि प्रमुख विविधीकृत शेयर बाजार सेवा प्रदाताओं में से एक है, ने वित्त वर्ष 2024-25 और FY25 के लिए अपने लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। टिप्पणी करते हुए रिखव सिक्योरिटीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री हितेश लखानी ने कहाऱ्यह वित्तीय वर्ष हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि यह लिस्टिंग के बाद हमारा पहला पूर्ण वर्ष रहा है। हालांकि दूसरी छमाही मेज

## केआरएन को PLI में मंजूरी 141.72 करोड़ प्रोत्साहन

**मुंबई, एजेंसी।** हीटिंग, वेंटिलेशन, एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी केआरएन प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को भारत सरकार की पीएलआई योजना (श्वेत वस्तुएं - एयर कंडीशनर और एलईडी उत्पाद) के अंतर्गत मंजूरी मिल गई है। भारत सरकार की इकाई लिमिटेड द्वारा दी गई इस मंजूरी में 141.72 करोड़ की वित्तीय प्रोत्साहन राशि शामिल है। 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत चलाई जा रही पीएलआई योजना का उद्देश्य भारत को वैश्विक विनिर्माण हब बनाना है, जिसमें घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन, मूल्यवर्धन को बढ़ावा और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आयात पर निर्भरता कम करना शामिल है। यह प्रोत्साहन केआरएन की विस्तार योजनाओं, देश में घटक निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास और बैकवर्ड इंटीग्रेशन को मजबूती देगा। यह रणनीतिक कदम ऊर्जा-कुशल, पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ और वैश्विक मानकों पर खरे उत्पादों के निर्माण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## जेक्ट आइडिया प्रतियोगिता का भव्य आयोजन, युवाओं में दिखा नवाचार का जोश







**भोपाल।** नेशनल टेक्नोलॉजी डे के निमित सविष्कार मध्यभारत द्वारा आयोजित प्रोजेक्ट आइडिया प्रतियोगिता में नवाचार और वैज्ञानिक सोच का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं के बीच वैज्ञानिक चेतना, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहित करना रहा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गौतम टेटवाल राज्य मंत्री,कौशल विकास एवं रोजगार, वीरेंद्र सिंह सोलंकीराष्ट्रीय महामंत्री, अभाविप, डॉ. आशुतोष कुमार सिंह निदेशक उपस्थित रहे। वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने छात्रों के प्रोजेक्ट्स की सराहना करते हुए कहा ये स्टूडेंट्स नहीं, ये साइंटिस्ट्स हैं। मॉडल भले ही छोटा हो, लेकिन सोच बहुत बड़ी है। भारत आने वाले समय में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा और इसमें युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान होगा। आज स्टार्टअप का ऐसा माहौल है जहाँ युवा नौकरी लेने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बन रहे हैं। भारत अब आत्मनिर्भर बन रहा है और डिजिटल इकोनॉमी में युवाओं की भागीदारी सराहनीय है। उन्होंने आगे कहा सर्फ एक संगठन नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जो छात्रों के हित और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए सतत कार्य कर रहा है। जैसे प्लेटफॉर्म छात्रों की जिज्ञासा को नवाचार और फिर निर्माण की ओर ले जाते हैं। डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने नेशनल टेक्नोलॉजी डे के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, इसी दिन भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण कर वैश्विक मंच पर अपनी तकनीकी शक्ति का प्रदर्शन किया था। स्वतंत्रता के बाद अगर शिक्षा और विज्ञान पर समुचित ध्यान दिया गया होता, तो भारत आज विश्वगुरु बन चुका होता। गौतम टेटवाल ने कहा छात्रों के प्रोजेक्ट्स में आज हमें %नए भारत% की झलक मिली है। भारत सदियों से विज्ञान और तकनीकी में अग्रणी रहा है चाहे वह महाभारत काल की तकनीक हो या आज का डिजिटल इंडिया। राजगुरु, भगतसिंह और सुखदेव जैसे युवा क्रांतिकारियों ने भी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर अंग्रेजों को चुनौती दी थी। कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्रों ने विविध क्षेत्रों में नवाचार दर्शाते हुए मॉडल्स प्रस्तुत किए, जिनमें कृषि, हेल्थ टेक, ग्रीन एनर्जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ग्रामीण विकास शामिल रहे। जिसके बाद छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए और उन्हें प्रमाण पत्रों से सम्मानित किया गया।

### डोनाल्ड ट्रंप को समझाएंगे गौतम अडानी

# ट्रंप को क्लीन बोल्ड करने के लिए मोदी का अचूक स्ट्रोक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-पाक तनाव के बीच अचानक अमेरिका के आने और सीज-फायर का श्रेय लेने पर भारत सरकार ने तत्काल जवाब दिया कि इस सीज-फायर में अमेरिका का कोई रोल नहीं है। यह भारत-पाक सेना के दोनों डीजीएमओ के बाद सीधी चर्चा बाद हुआ है। इसके ठीक बाद खिसिया ट्रंफ ने भी कहा कि हां इस सीज-फायर में हमारी कोई भूमिका नहीं रही है। यहां याद करने वाली बात यह भी है कि भारतीय वायु सेना की जवाबी कार्रवाई के बाद हमारा देश एकाएक ने वर्ल्ड पॉवर की दिशा में सामने आया है। इस छोटे से युद्ध में हमने चाइना और अमेरिका के उन अस्त्रों को मार गिराया जो पूर्व में पाकिस्तान को मिले थे। बहरहाल अमेरिका की हालिया भूमिका के मद्देनजर याद रहे कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समय से पहले भांप लेते हैं कि सांप किस ओर का रास्ता नाप रहा है। इसका क्या इलाज किया जाना चाहिए सो प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गैर-सरकारी स्तर पर इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। इसके लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंफ को क्लीन बोल्ड करने अपने तेज गेंदबाज गौतम अडानी को लगाया है। श्री अडानी अमेरिका जाकर ट्रंफ को समझाने का प्रयास करेंगे। वर्तमान समय में आर्थिक मंदी का संकट झेल रहे अमेरिका के लिए यह मोदी स्ट्रोक अचूक साबित होगा। यहां आपको बता दें कि गत वर्ष नईदिल्ली में हुए जी-20 समूह की बैठक दौरान इसमें शामिल होने आए समूह से बाहर के देश व महाशक्तियों ने भी शिरकत की थी। तब इनका ध्यान तमाम देशों के राष्ट्राध्यक्षों या प्रधानमंत्रियों से मिलने के स्थान पर भारत के बड़े उद्योगपतियों से मिलने पर रहा है। इसमें गौतम अडानी सबसे खास थे। अब देखना यह है कि मोदी का यह स्ट्रोक कितने काम आता है।

## सोने और चांदी की कीमतों में कोई बड़ा उतार-चढ़ाव नहीं



**मुंबई, एजेंसी।** अगर आप अपने परिवार में होने वाली शादी या किसी खास फंक्शन के लिए सोना या चांदी खरीदने जा रहे हैं, तो ये खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। आज रविवार, 18 मई 2025 को सर्राफा बाजार से आई ताजा जानकारी के अनुसार, सोने और चांदी की कीमतों में कोई बड़ा उतार-चढ़ाव नहीं देखा गया है। 24 कैरेट शुद्ध सोना आज 95,280 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेंड कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोना 87,350 रुपए प्रति 10 ग्राम में मिल रहा है। वहीं 18 कैरेट सोने का रेट 71,470 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच चुका है। वहीं दूसरी ओर, चांदी की कीमतें भी रिकॉर्ड स्तर के आसपास बनी हुई हैं। आज 1 किलो चांदी का दाम 97,000 रुपए तक जा पहुंचा है।

### आज के सोने के रेट

**18 कैरेट सोने के ताजा भाव:** आज के दिन 18 कैरेट सोने की दरों में देशभर में कुछ मामूली अंतर देखने को मिला है। दिल्ली सराफा बाजार में 10 ग्राम 18 कैरेट सोने की कीमत 71,470 रुपए दर्ज की गई। वहीं, कोलकाता और मुंबई में यह दर थोड़ी कम होकर 71,350 रुपए प्रति 10 ग्राम रही। इंदौर और भोपाल में यही दर 71,390 रुपए पर बनी हुई है। दूसरी ओर, चेन्नई में यह कीमत सबसे अधिक 71,850 रुपए प्रति 10 ग्राम रही।

**22 कैरेट सोने के ताजा भाव :** भोपाल और इंदौर में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 87,250 रुपए प्रति 10 ग्राम रही। दिल्ली, जयपुर और लखनऊ जैसे उत्तर भारत के प्रमुख शहरों में यह भाव थोड़ा अधिक, यानी 87,350 रुपए दर्ज किया गया। दक्षिण भारत के हैदराबाद, केरल और पश्चिम भारत के कोलकाता व मुंबई में 22 कैरेट सोने की कीमत 87,052 रुपए प्रति 10 ग्राम रही।

**24 कैरेट सोने के ताजा भाव:** आज के दिन 24 कैरेट सोने के दाम भी अलग-अलग शहरों में थोड़ा फर्क लिए रहे। भोपाल और इंदौर में शुद्ध सोना 95,180 रुपए प्रति 10 ग्राम पर मिल रहा है। दिल्ली, लखनऊ, जयपुर और चंडीगढ़ में यह दर 95,280 रुपए रही। मुंबई, हैदराबाद, केरल और बैंगलोर में कीमत 95,130 रुपए प्रति 10 ग्राम रही, जबकि चेन्नई में भी यही दर दर्ज की गई।

**चांदी की कीमतें:** चांदी की कीमतें अलग-अलग शहरों में अलग-अलग देखी गई। जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली जैसे प्रमुख शहरों में 1 किलोग्राम चांदी की कीमत 97,000 रुपए रही। वहीं, दक्षिण भारत के चेन्नई, हैदराबाद, मदुरै और केरल में चांदी की कीमत 1,08,000 रुपए प्रति किलो रही। इंदौर और भोपाल में चांदी का रेट 97,000 रुपए प्रति किलोग्राम बना हुआ है।

## इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और ऑफिस ऑटोमेशन बिटोआ का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




**भोपाल।** बहु प्रतीक्षित bitoaa इनफॉरमेशन का चुनाव हाल ही में संपन्न हुआ विदित हो कि यह संगठन इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी ऑफिस ऑटोमेशन से संबंधित व्यापार करता है एवं साथ में समाज सेवा का भी कार्य करता है । हाल ही में NCN का ICT राष्ट्रीय अवॉर्ड सर्वश्रेष्ठ संगठन का अवार्ड भी प्राप्त किया है। विदित हो कि यह संगठन में विगत कई वर्षों में अपने कार्यशैली एवं कार्य क्षमता के कारण संपूर्ण भारतवर्ष में समाज सेवा एवं व्यापार में अच्छा खासा नाम कमाया है । एवं व्यापारियों की कई समस्याओं का समाधान भी किया है। वर्तमान में संगठन व्यापारियों की समस्याओं एवं व्यापार के प्रोत्साहन हेतु कृत संकल्पित है। इस बहुप्रतीक्षित चुनाव मेंअध्यक्ष आईटी वर्ल्ड ललित जैन ,उपाध्यक्ष कपिल साहू बालाजी एंटरप्राइजेजसचिव पी. पी. सिंह अमन कम्प्यूटर्स,कोषाध्यक्ष के.एस. गौर बंटी एडवांस टेक्नोलॉजी, संयुक्त सचिव अशोक श्रीवास्तव ब्रेनवेयर सिस्टम्स ने पदभार ग्रहण किया । संगठन के वरिष्ठ व्यापारी राकेश श्रीवास्तव ने आज मंच संचालन किया । राकेश श्रीवास्तव bitoaa संगठन के वरिष्ठ व्यापारी के साथ में कोर मेंबर भी है bitoaa संगठन व्यापारियों के सर्वांगीण विकास हेतु कृत संकल्पित है । संगठन के वरिष्ठ सदस्य महेंद्र चांडक ने बताया कि हम सभी सदस्य गण समाज सेवा में किसी भी प्रकार की सेवाभाव एवं समाज सेवा में रक्तदान से लेकर अन्य सभी गतिविधियों के लिए कृत संकल्पित है ।

## मेरा यादगार मुकदमा

श्री हिंदू उत्सव समिति भोपाल की सबसे प्रतिष्ठित समिति है एवं पूरे हिन्दू समाज की इस समिति पर आस्था है। श्री हिन्दू उत्सव समिति का पंजीयन बहुत पूर्व में हुआ था उसका, पंजीयन क्रं 63 है लेकिन चुनाव की प्रक्रिया नहीं थी, मैं भी वर्ष 192 में, मुख्य चुनाव अधिकारी बना उस समय हाथ उठाकर या ध्वनि मत से चुनाव होते थे, मुझे वह प्रक्रिया पसंद नहीं आई इस कारण मैंने समस्त लोगों से मिलकर एक सदस्यता सूची बनवाई एवं चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ करवाई। वर्ष 12 में राष्ट्रपति शासन लग गया था एवं 13 में चुनाव संपन्न करवाया गया। 16..193 को गौरीशंकर कौशल पूर्व विधायक को मुख्य चुनाव अधिकारी बनाया गया एवं उनके द्वारा 25 सितंबर 13 से 27 सितंबर 13 तक समय निर्धारित किया गया। मेरे सहित 21 लोगों ने अध्यक्ष पद के लिये नामांकन जमा किया गया, जिसकी सूचना 28.0.193 को प्रकाशित हुई। 20 लोगों ने नामांकन वापस ले लिया एकमात्र मेरा नामांकन बचा। 1.10.13 को मेरे द्वारा मुख्य चुनाव अधिकारी गौरीशंकर कौशल से कहा गया कि मुझे निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया जावे लेकिन उन्होंने मुझसे कहा कि अब हम चुनाव दशहरे के पश्चात अगले वर्ष फरवरी 14 में कराएंगे। उनके द्वारा आयोजन समिति का गठन किया गया जिसमें मुख्य संरक्षक के रूप में गुफा मंदिर के महंत नरहरिदास को एवं स्वयं गौरीशंकर कौशल पूर्व विधायक कैलाश सारंग, पूर्व राज्यसभासदस्य के.एन.प्रधान, पूर्व मंत्री एंव पूर्व सांसद बाबूलाल गौर, पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी नेता ठाकुर माधवसिंह, कम्युनिष्ट पार्टी के नेता बालकृष्ण गुप्ता एवं राम मंदिर के विश्वामित्र शर्मा को सदस्य बनाया गया। इसके बाद मेरे द्वारा एक व्यवहारवाद ए.के.सिंह (पूर्व मुख्य सचिव निर्मला बुच के भतीजे) के न्यायालय में 7 अक्टूबर 13 को श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा संरक्षक महंत नरहरिदास, गौरीशंकर कौशल, कैलाश सारंग, के.एनप्रधान, बाबूलाल गौर, ठाकुर माधव सिंह, बालकृष्ण गुप्ता, विश्वामित्र शर्मा को पक्षकार बनाते हुये दावा प्रस्तुत किया गया कि मुझे हिन्दू उत्सव समिति का निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित व धार्मिक आयोजन करने के लिये अधिकृत किया जावे। सभी ने भी अपना पक्ष न्यायालय में नहीं रखा तब मात्र तीन माह मेंन्यायालय द्वारा 21.12.193 को संजय गुप्ता एडवोकेट को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया एवं हिन्दू त्योहार संस्था के अनुसार कराने का कहा। हिन्दू उत्सव समिति का अध्यक्ष बनने के बाद मैंने पूर्व महापौर आलोक शर्मा, वर्तमान मंत्री विश्वास सारंग, वर्तमान विधायक रामेश्वर शर्मा, पूर्व महापौर सुनील सूद, पूर्व महापौर दीपचंद यादव एवं पूर्व मंत्री उमाशंकरगुप्ता को विभिन्न विभिन्न त्योहारों पर संयोजक नियुक्त किया गया एवं उनके द्वारा भी सफल आयोजन किया गया जिससे हिन्दू उत्सव



**संजय गुप्ता**
**एडवोकेट**
**पूर्व अध्यक्ष श्री हिंदू उत्सव समिति भोपाल मप्र**

## क्योंकि असदुद्दीन ओवैसी को भारत से प्यार है



कुछ लोग हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की तेज-तर्रार छवि को देखकर चाहें ऐसा न सोचें/ मगर उनके जैसा दूसरा हिंदुस्तानी ढूंढने से भी शायद न मिले। हाल ही हुए भारत-पाक के बीच बढ़े तनाव एवं सैन्य घटनाओं के दौरान विपक्ष के अकेले एक सांसद असदुद्दीन ओवैसी आवाज उठी, जिसे देश भर में सराहा गया। ओवैसी ने न केवल पहलगाम हमले की निंदा की, बल्कि पाकिस्तान को भी साफ-साफ जवाब दिया कि वह यहां की फिजां में हस्तक्षेप न करे। यह पहली बार नहीं है कि भारत के पक्ष में ओवैसी पहली बार बोले हों/ बल्कि उन्होंने अनेक बार देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। वे भारत से अटूट प्रेम करते हैं। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के बारे में संदेश देने एक टीम बनाई जिसमें हैदराबाद के सांसद महोदय असदुद्दीन ओवैसी साहब बहुत खास हैं। इसी तरह कांग्रेस पार्टी के एक बुद्धिमान नेता शशि थरूर साहब को भी इस टीम में लिया है। जिनकी बुद्धि का लोहा सब मानते हैं। यह टीम विदेश जाकर पाकिस्तान द्वारा फैलाए जा रहे प्रोपेगेयह टीम विदेश जाकर पाकिस्तान द्वारा फैलाए जा रहे प्रोपेगेंडा का जवाब देकर मजबूती के साथ भारत का पक्ष रखेगी।

## गेहूं-सोयाबीन में जबरदस्त तेजी, मसूर- मूंग के दाम भी चौंकाएंगे

**इंदौर।** इंदौर मंडी में आज माहौल कुछ बदला-बदला नजर आया। लंबे समय से सुस्त पड़े बाजार में एक बार फिर हरकत दिखी है। जहां गेंहू और सोयाबीन ने जबरदस्त उछाल दिखाया, वहीं मसूर और मूंग की कीमतों में भी हलचल रही। किसानों को इससे थोड़ी राहत जरूर मिलती दिख रही है। रविवार को मंडी में सबसे ज्यादा चर्चा का विषय रहे, गेंहू और सोयाबीन। पिछले कुछ दिनों से लगातार दबाव झेल रहे इन दोनों फसलों में अचानक आई तेजी ने किसानों को थोड़ी राहत दी है। मंडी परिसर में कई किसान इस बदलाव से खुश नजर आए। विशेषज्ञों का मानना है कि मौसम के बदले मिजाज और सप्लाई चेन में हुई थोड़ी खींचतान की वजह से गेंहू और सोयाबीन की मांग बढ़ी है। यही कारण है कि आज इनके भाव में उछाल देखा गया। हालांकि व्यापारी अब भी सतर्क हैं और आने वाले हफ्तों में उतार-चढ़ाव की संभावना से इनकार नहीं कर रहे।

### अनाज भाव क्विंटल के अनुसार

सोयाबीन- 3700 से 4236 , गेहूं- 2700 से 3850, गेहूं सुजाता- 2300, मक्का- 3300 से 3800, डॉलर चना- 6800 से 9800, देसी चना- 5200 से 7500, चना कांटा- 4200, आमचूर- 3700, मसूर- 4300 से 6900, मूंग- 4800 से 7700, मूंग एवरेज- 4600 से 6200, तुअर- 3550 से 6500, तुअर सफेद महाराष्ट्र- 3300 से 6800, निमाड़ी तुअर- 3250 से 5800, सरसों- 3150 से 5250, सरसों निमाड़ी- 3180 से 5500, उड़द बोल्ड- 6200, उड़द मीडियम- 6100 से 7500, हलका उड़द- 5700 से 7420।

## इंदौर-अहमदाबाद मार्ग पर 160 करोड़ की लागत से 6 फ्लाईओवर और 7 रेलवे ओवरब्रिज बन रहे

अहमदाबाद जाने वाले यात्रियों को जल्द ही रास्ते में मिलने वाले ट्रैफिक जाम से राहत मिलने वाली है। धार जिले की सीमा में 160 करोड़ रुपए की लागत से छह फ्लाईओवर और सात रेलवे ओवरब्रिज बनाए जा रहे हैं। यह परियोजना नेशनल हाईवे अथॉरिटी और रेलवे विभाग के संयुक्त प्रयास से क्रियान्वित की जा रही है, जिससे न केवल यात्रा सुगम होगी बल्कि समय की भी बचत होगी।

पानखेड़ी से राजगढ़ तक फ्लाईओवर बन रहे हैं। जबकि, रेलवे के दो ब्रिजों का काम भी शुरू हो चुका, शेष कार्य अगले माह से होगा प्रारंभ। अनुमान है कि 2026 तक इंदौर से धार के बीच रेलों का संचालन शुरू हो सकता है। पानखेड़ी, जेतपुरा, लबरावदा फाटा, मांगोद फाटा और राजगढ़ जैसे ट्रैफिक दबाव वाले स्थानों पर फ्लाईओवर बन रहे हैं। वहीं रेलवे के अंतर्गत आने वाले गुणावद और धार ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, जबकि शेष ब्रिजों का कार्य अगले माह से शुरू किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त छोटे वाहनों के आवागमन के लिए 20 मीटर के अंडरपास भी बनाए जाएंगे। परियोजना पूरी होने के बाद धार से इंदौर तक रेल और सड़क दोनों मार्गों पर निर्बाध और सुरक्षित यातायात संभव हो सकेगा। 2026 के अंत तक धार से इंदौर के बीच रेल सेवा शुरू होने की संभावना जताई जा रही है।

### रेलवे के ज्यादातर काम की गति तेज

इंदौर-दाहोद रेल प्रोजेक्ट के तहत टीही से धार तक 60 किलोमीटर के पहले चरण में 40 किलोमीटर में पटरी बिछाई जा चुकी है। इस मार्ग पर दो सिक्स लेन, तीन फोरलेन और दो टू लेन ओवरब्रिज अक्टूबर 2025 तक तैयार हो जाएंगे। भाटखेड़ी, सागौर और लेबड़-मानपुर मार्ग पर ओवरब्रिज का कार्य तेज़ी से चल रहा है और 90त्न तक पूरा हो चुका है।



## भाजपा नेता प्रभारी मंत्री राकेश सिंह से मिले



**छिंदवाड़ा।** सांसद विवेक साहू जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव प्रभारी मंत्री राकेश सिंह से भोपाल में मिले, कई विषयों पर चर्चा की जिसमें जिला भाजपा के पदाधिकारी एवं महापौर विक्रम अहाके भी थे।

## पंकज व शुभम को सौंपी जिम्मेदारी

**छिन्दवाड़ा।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी एवं जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी के निर्देशानुसार कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई में नवनियुक्तियां की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे से चर्चा के उपरांत जिला एनएसयूआई अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर के द्वारा पंकज चंद्रवंशी को छिन्दवाड़ा ग्रामीण भाग दो ब्लॉक अध्यक्ष एवं शुभम उर्फ बिट्टू पवार को बिछुआ ब्लॉक का प्रभारी मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति के प्रति माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी सहित वरिष्ठ कांग्रेस जनप्रतिनिधियों एवं विधायकगणों का हृदय से आभार माना है।

## आज फिर बजेगा टेस्टिंग सायरन

**छिंदवाड़ा।** आपातकाल स्थितियों से निपटने एवं नागरिकों को सावधान करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा तीनों स्थानों पर सायरन लगाए गए हैं। नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने बताया कि रविवार को दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे के मध्य इन तीन स्थानों के सायरन को टेस्टिंग के लिए बजाया जायेगा। नागरिकों से अपील है कि सायरन की आवाज पर परेशान न होवे। सायरन केवल एक टेस्टिंग प्रक्रिया के लिए बजाया जाएगा।

**इन स्थानों में लगे है सायरनः** शहर के चंदन गांव जोन के भारतदेव, कुकड़ा जगत जोन के धर्म टेकडी एवं मुख्यालय जोन के पानी टंकी में सायरन लगाया गया है जिन्हें टेस्टिंग के लिए बजाया जायेगा।

## उच्च रक्तचाप दिवस का आयोजन



**छिंदवाड़ा।** डॉ प्रवीणन येरपुडे विभागाध्यक्ष सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस का आयोजन किया गया जिसमें डॉ कीर्ति जोगदंड, डॉक्टर रूपेश साहू,डॉ विकास द्विवेदी,डॉ रितेश उपाध्याय,डॉ दिलीप दंडोतिया,डॉ शिल्पा विभाग से उपस्थित थे।

## प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन कल

**छिन्दवाड़ा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिन्दवाड़ा में 19 मई को टेफ मोटर्स (आइशर ट्रेक्टर) द्वारा आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों के लिये प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है । जिले के इच्छुक केवल पुरूष प्रशिक्षाणार्थी इस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग ले सकते हैं । शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिन्दवाड़ा के प्राचार्य ने बताया कि आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में आई.टी.आई. के अंतर्गत ट्रेक्टर मैकेनिक, फिटर, मशीनिष्ट, टर्नर, ग्राईंडर, एमएमव्ही, डीएम, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन व इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक विषयों से उत्तीर्ण पुरूष प्रशिक्षणार्थी जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष हो, आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षार्थियों को स्टाईपेंड-अप्रेंटिसशिप के अंतर्गत 11450 रूपये, ट्रेनी के लिये 11720 रूपये व एफटीसी के लिये 12200 रूपये शामिल है। इच?छुक अभ्यर्थी प्रात- 10.30 बजे तक अपने सभी दस्तावेजों की फोटोकॉपी के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

### चांद, बांसखेड़ा, बादगांव में रोजाना निकल रही लाखों की अवैध रेत

# अवैध कारोबार पर नहीं लग रही लगाम एक ट्रैक्टर का 17 हजार रुपए रेट तय

**छिंदवाड़ा।** चांद में रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है लेकिन रेत माफियाओं को अब प्रशासन और पुलिस का भी डर नहीं बचा है। 17 हजार में एक,एक ट्रेक्टर महीने भर यहां से अवैध रेत निकला सकते हैं। तय रकम देने के बाद यहां से निकलने वाली अवैध रेत चांद और चौरई में जहां चाहे वहां सप्लाई की जा सकती है। प्रदेश के बड़े नेताओं का डर बताकर यहां के अधिकारी ही रेत के इस अवैध कारोबार में सीधे शामिल हैं। अवैध रेत उत्खनन का सेंट्रल पाइंट बांसखेड़ा और बादगांव बन गया है। जहां पर 100 से ज्यादा ट्रेक्टर सुबह से ही अवैध रेत उत्खनन में लग जाते हैं। सौंसर के बाद चौरई की खदानें इन दिनों रेत माफियाओं के लिए हॉट स्पॉट बनी हुई हैं। यहां सत्ता के दो केन्द्रों के बीच रेत कारोबारी बंट गए हैं। एक वैध खदानों का संचालन कर रहा है दूसरा अवैध लेकिन पूरे मामले में अफसरों की भूमिका संदिग्ध बन गई है। बताया जा रहा है कि यहां जारी रेत के अवैध कारोबारी में चांद के पुलिस और प्रशासन की सीधी मिली भगत है बांसखेड़ा और बांदगांव में 100 से ज्यादा ट्रेक्टर रोजाना रेत निकालते हैं दिन दहाड़े बेधक अवैध उत्खनन होता है लेकिन अधिकारियों को खबर रहने के बाद भी इस पर नकेल कसने की कोशिश नहीं होती है इस मामले में चौरई एसडीएम से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।



### माफियाओं की पसंद रेत घाट

बांसखेड़ा और बांदगांव के अलावा आधा दर्जन रेत घाट ऐसे हैं जो रेत माफियाओं की पसंद बने हुए हैं। जिनमें चिखली, चंदनगांव, बेलगांव, हरणखेड़ी जेसे क्षेत्रों से बेतहाशा अवैध रेत निकाली जा रही है पेंच नदी का क्षेत्र होने के कारण यहां बेहतर गुणवत्ता की रेत मिलती है लेकिन खदानें स्वीकृत न होने के कारण इन अवैध खदानों से ही उत्खनन होता है। अवैध कारोबार में सत्ता के दो केन्द्र बन गए हैं पहले जिला पंचायत सदस्य से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधी शामिल थे लेकिन अब अधिकारी भी इस रेत कारोबार में लिप्त हो गए हैं।

## डॉ भूपेंद्र नागर और विनय नागर की नियुक्ति पर दी सामाजिक बंधुओं ने बधाई




**ओबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** अखिल भारतीय धाकड महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र नागर की अनुशंसा एवं युवा धाकड़ संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अर्जुन धाकड़ ने अखिल भारतीय धाकड़ युवा संघ (भारतवर्ष) के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ भूपेंद्र नागर एवं राष्ट्रीय मंत्री विनय नागर (विक्की) को नियुक्त करने पर समाज की ओर से वरिष्ठ नेतृत्व एवं युवा साथियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी, जिससे युवाओं में उत्साह है युवा साथी को जिम्मेदारी देने से समाज को आगे बढ़ने व एकजुट रखने, समाज का उत्थान करने में सहयोग होगा। इस अवसर पर धाकड़ समाज के मुख्य कार्यकारिणी अध्यक्ष मोहन पटेल, अशोक पटेल, विजय धाकड़, माखन नागर, गौरी शंकर नागर, चंद्र सिंह नागर, कैलाश नागर डब्बू,राजू पटेल पारखेड़ी, राजकुमार नागर सहित क्षेत्र के धाकड़ समाज के सभी समाज बंधुओ ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### नैनपुर में अंग्रेजों के जमाने के बने पी डबल्यूडी विश्राम ग्रह जर्जरावस्था मे कभी भी हो सकता है हादसा

**नैनपुर।** मुख्य मार्ग पर अग्रेजी हुकूमत पर बने रेस्ट हाउस लोक निर्माण विभाग के संचालन मे है जो पिछले लगभग दस साल से बदहाल अवस्था मैहै एक नंबर जो वी आईपी है का कभी? भी पलासटरगिर सकता है वही अग्रेजी बरामदा का छत जर्जरावस्था मे है नैनपुर का सबडिवीज न आफिस का हाल बेहाल है दो सब इंजीनियर तैनात जो विश्राम गृह जर्जर स्थिति पर कुछ कहना नहीं चाहते नैनपुर में मध्य प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके सांसद कुलस्ते के अलावा वीआईपी के अलावा वरिष्ठ अधिकारी रुकते हैं कभी भी दुर्घटना हो सकती है संबंधित प्रशासनिक अधिकारी की उपेक्षा का शिकार बना हुआ है भवन।

## आयुर्वेद, होम्योपैथी औषधालय एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर गुरैया का निरीक्षण किया

**छिंदवाड़ा।** जिला आयुष अधिकारी डॉ.प्रियंका उइके द्वारा जिला चिकित्सालय में स्थित आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी औषधालय एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर गुरैया का औचक निरीक्षण किया गया। जिला चिकित्सालय में स्थित आयुष औषधालय में औषधालय तक पहुंच सुगम बनाने के लिये मुख्य गेट के पास एक साइन बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी अधिकारी व कर्मचारी समय पर पाए गए। जिला आयुष अधिकारी डॉ. उइके ने डॉ.प्रवीण रघुवंशी द्वारा मधुमेह रोगियों पर की जा रही रिसर्च पर इस नवाचार को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने सभी स्टाफ को संस्था की साफ-सफाई, फाइलों का संधारण, ओपीडी रजिस्टर एवं अन्य दस्तावेज के संधारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। साथ ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर गुरैया के निरीक्षण के दौरान सभी स्टाफ उपस्थित पाया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. उइके द्वारा संस्थागत पंचकर्म कराने के लिए, औषधी के रखरखाव, विभिन्न दस्तावेजों का संधारण, औषधीय उद्यान रखरखाव के आवश्यक निर्देश दिए गये।

### शशिकांत धनोरिया बने छिंदवाड़ा जिला प्रतिनिधि

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा के जिला पाल धनगर समाज संगठन के जिला अध्यक्ष शशिकांत धनोरिया को लोकमाता अहिल्या देवी कल्याण बोर्ड के जिला प्रतिनिधि बनाए जाने पर लोकमाता अहिल्या देवी कल्याण बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजेंद्र सिंह पाल (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) मध्य प्रदेश शासन का जिला पाल समाज हृदय से धन्यवाद करता है एवं जिला प्रतिनिधि शशिकांत धनोरिया को नव नियुक्ति के लिए बधाई प्रेषित करता है एवं समाज के कल्याण एवं प्रगति में सहयोग प्रदान करने हेतु आशा रखता है इस नियुक्ति पर जिला पाल धनगर समाज संगठन एवं समस्त पाल समाज जिला छिंदवाड़ा शिवानी बहुत-बहुत बधाई प्रेषित करता है।

### 27 को शनि जयंती जन्मोत्सव समारोह के आयोजन हेतु बैठक आज

**छिंदवाड़ा।** श्री पंचमुखी उत्थान सेवा समिति तहसील परिसर छिंदवाड़ा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 27 मई 2025 दिन मंगलवार को श्री शनि जन्मोत्सव समारोह एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाना है । उक्ताशय की जानकारी समिति के सह कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र विश्वकर्मा ने देते हुये बताया कि श्री शनि जन्मोत्सव समारोह की तैयारियों को लेकर आज दिनांक 18 मई दिन रविवार को रात्रि 7.30 बजे एक आवश्यक बैठक का आयोजन समिति अध्यक्ष नरेन्द्र साहू, सचिव रामकुमार सोनी, कोषाध्यक्ष संकेत मैद एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया है । इस अवसर पर समस्त समिति सदस्यों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपील की ।

## जल स्त्रोतों के आस पास जल स्वच्छता अभियान

### घरों घर दस्तक देकर दिया जल संरक्षण का संदेश

**छिंदवाड़ा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंर्तगत चलाए जा रहे जल संरक्षण के लिए शनिवार को जन अभियान परिषद के द्वारा जल स्त्रोतों के संरक्षण एवम संवर्धन के प्रयासो में ग्राम उभेगाव सेक्टर नंबर चार में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद की टीम द्वारा ग्राम में स्थित तालाब,झिरिया के आसपास में जल स्वच्छता अभियान परामर्शदाता विनोद तिवारी,लता नागले, तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, आशीष साहू,सहित नवांकुर संस्था सिद्धि विनायक नगर विकास समिति के अध्यक्ष महेश बन्देवार, समाजसेवी डाक्टर एन के सोमकुवर सहित प्रस्फुटन समिति उभेगांव के आनद साहू,शेषकुमार डेहरिया , पप्पू बदेवार रंजीत इंगले के साथ बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट नरेंद्र, शिवांगी वानखेड़े, किरण बनवारी,श्रद्धा गुप्ता, प्रीति धुर्वे सहित अन्य



स्टूडेंट नवांकुर संस्था,प्रस्फुटन समिति के सदस्यगण, ग्रामीण जन ने श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया। जन अभियान परिषद के सेक्टर नंबर 4 उभेगाव फील्ड विजिट में जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के वरिष्ठ परामर्शदाता राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त समाजसेवी विनोद तिवारी, परामर्शदाता लता नागले,आशीष साहू के साथ बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट ने श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया वही सभी को ग्रामीणों को जल संरक्षण संवर्धन अभियान की जानकारी दी और सभी से अपील की है कि वर्षा के जल को अधिकाधिक एकत्र करने के लिए स्टॉप डेम वाटर हार्वेस्टर का निर्माण करें।

## जोश और देशभक्ति से सराबोर भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन

**सांध्य प्रकाश योगेश गुप्ता बैतूल।** जिला मुख्यालय पर राष्ट्रप्रेम और उत्साह से ओतप्रोत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत न्यू बैतूल ग्राउंड से की गई। जहां देश भक्ति की भावना से लबरेज जनसैलाब उमड़ पड़ा। चारों ओर ÷भारत माता की जय÷ और ÷वंदे मातरम्÷ के नारों से वातावरण गूंज उठा तिरंगा यात्रा में केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उईके,विधायक हेमंत खंडेलवाल,विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे,विधायक चंद्रशेखर देशमुख,सुधाकर पवार समेत कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। यात्रा में स्कूली बच्चे,सामाजिक संगठन,युवा और महिलाएं भी बड़ी संख्या में भागीदार बने। यह यात्रा न्यू बैतूल ग्राउंड से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई दिलबहार चौक गंज पर समापन हुई। पूरे मार्ग में लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया और देशभक्ति गीतों से वातावरण को भाव विभोर कर दिया।तिरंगा यात्रा न केवल एकता और अखंडता का प्रतीक बनी बल्कि युवाओं में देशभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ करने वाली साबित हुई। यह आयोजन राष्ट्र के प्रति सम्मान और समर्पण का जीवंत उदाहरण रहा।



## भगवान बिरसा मुंडा एवं टंट्या मामा स्वरोजगार योजना से मिलेगा जनजातीय वर्ग को रोजगार

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.शासन जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों को स्वयं रोजगार उपलब्ध कराने दो अभिनव योजनाएँ कमशः भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के लक्ष्य जिलों को आवंटित किये गये है। इसके अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले में भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के लिये 80 हितग्राहियों व टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के लिये 302 हितग्राहियों का लक्ष्य बैंकों को आवंटित किया गया है।

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने बताया कि भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के प्राप्त लक्ष्यों का आवंटन बैकों को किया जाकर बैंकों के प्रबंधकों एवं उनके वरिष्ठ अधिकारीयों को समय सीमा में लक्ष्यों की पूर्ति के लिये निर्देशित किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऐसे सभी बेरोजगार युवक व युवती जो अपना स्वयं का रोजगार, धंधा, व्यवसाय स्थापित करना चाहते हैं, वे शासन की इन अभिनव योजनाओ में ऑनलाईन प्रक्रिया द्वारा आवेदन कर लाभ ले सकते है। ज्ञात हो कि योजना के संचालन के लिए विभागीय कार्यालय आदिवासी वित्त एवं विकास निगम कलेक्टर कार्यालय स्थित प्रथम तल पर संचालित है, जहाँ से योजना संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। योजना के अंतर्गत लाभार्थी को आदिवासी वर्ग का सदस्य एवं जिले का स्थायी निवासी होना चाहिये। भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना - भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 01 लाख से 50 लाख रूपये तक वृहत एवं बड़े व्यवसाय उघोगों, धंधों के लिए ऋणों का प्रावधान है, जिसमें नियमित किश्त अदा करने पर शासन द्वारा 5त्न ब्याज अनुदान दिया जायेगा। आवेदक को आवेदन के समय स्थाई जाति, मूल निवास, आधार कार्ड, पेनकार्ड एवं कम से कम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण की अंकसूची की आवश्यकता होगी।

## भारतीय सेना ने रचा शौर्य और पराक्रम का नया इतिहासः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने बैरसिया में आयोजित तिरंगा यात्रा में की सहभागिता

**बैरसिया ।** शनिवार को बैरसिया में सैनिकों के सम्मान में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्तमान युग में एक नई शक्ति के रूप में उभर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर से थल, वायु और नौसेना ने अद्वितीय साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारतीय सेना ने मात्र 4 दिन के अल्प समय में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। इस अभियान ने दुनिया को भारत की सैन्य क्षमता, एकजुटता और आधुनिक तकनीकी सामर्थ्य का परिचय दिया है। आतंकवाद के मंसूबों को ध्वस्त किया गया है। आज कोई भी शक्ति भारत की प्रगति को रोक नहीं सकती। हम सभी इस तिरंगा यात्रा से भारतीय सेना को सम्मान देने के लिए एकत्र हुए हैं। यह तिरंगा यात्रा ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक निरंतर आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को भोपाल जिले के बैरसिया में वीर सैनिकों के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे शूरवीरों ने पाकिस्तान को आधी रात में ऐसा सबक सिखाया कि पाकिस्तान के साथ दुनिया के 200 देश में से सिर्फ दो देश साथ आए- एक तुर्किए और दूसरा अजरबैजान। अब देश की जनता तुर्किए का बहिष्कार कर रही है और भविष्य में अजरबैजान के साथ भी ऐसा ही होगा।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तिरंगा यात्रा मार्ग में उपस्थित जनसमूह का अभिवादन किया। पूरा बैरसिया देशभक्ति की भावना से सराबोर हो उठा। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। इस यात्रा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। हर धर्म, जाति और वर्ग के लोगों ने देश के प्रति अपनी निष्ठा और वीर जवानों के प्रति सम्मान प्रकट किया।

विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकियों का खात्मा किया है। आज की यह विशाल तिरंगा यात्रा हमारे वीर सैनिकों के सम्मान में आयोजित की गई है। परमाणु शक्ति का डर दिखाने वाला पाकिस्तान 4 दिन में घुटनों पर आ गया। यह भारतीय सेना के पराक्रम और नेतृत्व का कमाल है। सभा में अन्य वक्ताओं ने कहा कि देश और प्रदेश में आज मजबूत सरकारें हैं। जनता के कल्याण के सभी कदम उठाए गए हैं।

## सेना के सम्मान में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा ,भारत माता की जय घोष से गूंजा शहर



**शहडोल ।** राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक के बैनर तले शहडोल नगर में शनिवार की शाम भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। डीजे ढोल नगाड़े आतिशबाजी एवं देश भक्ति गीतों की धुन के साथ यात्रा नगर के जय स्तंभ चौक से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से भ्रमण करते हुए बुढार चौक में समाप्त हुई। इस दौरान यात्रा में शामिल नागरिक भारतीय सेना के सम्मान में हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जय घोष करते हुए नजर आए। यात्रा का नगर के मुख्य मार्गो में नागरिकों ,महिलाओं ,बच्चों एवं विभिन्न समाज के लोगों ने द्वारा पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत भी किया गया।

यात्रा को लेकर पूर्व जिला अध्यक्ष कमल प्रताप ने कहाँ देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पहलगाम के आतंकी हमले का जवाब देते हुए पाकिस्तान की सीमा में घुसकर आतंकवादियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त कर 100 से अधिक आतंकवादियों को मौत के घाट उतारकर देश की जनता को यह विश्वास दिलाया कि भारत देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भारत की पराक्रमी सेना के होते हुए देश की सुरक्षा को यदि कोई खतरा पहुंचाने का दुस्साहस करेगा तो उसका बदला चौगुनी ताकत के साथ लिया जाएगा ऑपरेशन सिंदूर में हमारे देश की सेना ने अपने वीरता पराक्रम शौर्य का परिचय देते हुए पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों को मारकर संपूर्ण विश्व को दिखा दिया कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए सक्षम है। भारतीय सेना के इस अदम्य, अतुलनीय योगदान तथा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए शहडोल जिले के राष्ट्रभक्त जिला वासियों द्वारा ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई ।

तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा, विधायक मनीषा सिंह, विधायक जयसिंह मरावी, एवं हजारों की संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक, पूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट, स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं व्यापारी एवं सर्व समाज के प्रत्येक वर्ग के लोग शामिल रहे।

### जंगली शूकर ने किया महिला पर हमला

**शहडोल।** जिले मे गोहपारू जनपद अंतर्गत ग्राम धनगंवा में तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला पर शूकर ने हमला कर गंभीर रूप घायल कर दिया। महिला को घायल अवस्था में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार पार्वती केवट पति गोविंद केवट 38 वर्ष शुक्रवार की सुबह अपने पड़ोसियों के साथ धनगंवा के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई थी। इस दौरान झाड़ियों के बीच छिपे जंगली शूकर ने हमला कर दिया। हल्ला गोहार करने पर साथियों ने उसकी जान बचाई। इसके बाद अस्पताल में भर्ती कराया। शिकायत पर पुलिस ने प्राथमीकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# भोज-नर्मदा द्वार

का

# भूमिपूजन

एवं

## नीमच में स्थापित
## 10 मेगावॉट सौर ऊर्जा संयंत्र का

# लोकार्पण

## मुख्यमंत्री

# डॉ. मोहन यादव

द्वारा

**18 मई, 2025 | प्रात: - 10:00 बजे**

**नर्मदापुरम मार्ग, समरधा**

"प्रदेश की पहचान हमारे वीर शासकों से रही है। मध्यप्रदेश का गौरव रहे सम्राट विक्रमादित्य को आज भी न्यायप्रियता, पराक्रम और लोककल्याण के लिए जाना जाता है। वहीं राजाभोज को महान शिक्षक और योद्धा के रूप में याद किया जाता है। ऐसे में हमारी सरकार ने तय किया है कि हमारे गौरवशाली अतीत को दुनिया के सामने लाने की आवश्यकता है। इसलिए राजधानी के प्रमुख मार्गों पर राजाभोज, विक्रमादित्य जैसे महापुरुषों के नाम से द्वार बनाए जाएंगे, जिससे भोपाल और मध्यप्रदेश का गौरवशाली इतिहास हमें पुनः उसी दौर में ले जाए जिस कारण से मध्यप्रदेश गौरवान्वित हुआ है, देश गौरवान्वित हुआ है।"

**डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11026/25

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025